अखाड़ा	पुं.	1. कुश्ती या कसरत करने का स्थान, व्यायामशाला;	ৰংগশালা, নৃত্যশালা, মঞ্চ, ব্যায়ামশালা, কুস্তী অভ্যাস কৰা;	रंगशाला, नृत्यशाला, मंच, व्यायामशाला, कुश्ती अभ्यास करा;	wrestling ground, place for wrestling, gymnasium, arena;
		2. साधुओं की सांप्रदायिक मंडली;	সাধুৰ এক বিশেষ সম্প্রদায়;	साधुर एक बिशेष सम्प्रदाय;	an order of sadhus;
		3. साधुओं के रहने का स्थान, मठ;	সাধুসকলৰ থকা ঠাই, মঠ-মন্দিৰ;	साधुसकलर थका ठाइ, मठ-मन्दिर;	a place where sadhus live;
		4. विशिष्ट प्रकार के लोगों के इक्ट्ठा होने का स्थान।	কোনো এক বিশেষ শ্ৰেণীৰ লোকৰ মিলনস্থল	कोनो एक बिशेष श्रेणीर लोकर मिलनस्थल	a place of assembly.
अखाद्य	वि.	न खाने योग्य, अभक्ष्य।	অখাদ্য, অভক্ষ্য	अखाद्य, अभक्ष्य	unfit to be eaten, uneatable, not edible.
अखिल	वि.	संपूर्ण, सारा।	অখিল, সদৌ, নিখিল	अखिल, सदौ, निखिल	whole, entire, complete.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अखीर	पुं.	1. अंत, समाप्ति;	অন্ত, শেষ, সমাপ্তি;	अन्त, शेष, समाप्ति;	completion, termination;
		2. छोर, सिरा।	শেষ, চৰম সীমা	शेष, चरम सीमा	end, extremity.
अख्तियार	पुं.	1. अधिकार;	অধিকাৰ, ক্ষমতা;	अधिकार, क्षमता;	right, power, discretion;
		2. वश।	বশ, অধীন	वश, अधीन	control, choice, option.
अगति	स्त्री.	1. गति का अभाव;	গতিহীন;	गतिहीन;	want of motion or progress;
		2. गति अर्थात् मोक्ष की अप्राप्ति;	অগতি, মোক্ষ লাভ নোহোৱা অৱস্থা;	अगति, मोक्ष लाभ नोहोवा अवस्था;	want of salvation;
		3. बुरी गति, दुर्दशा।	দুৰ্গতি, দুৰ্দশা, দুৰ্ভাগ্য	दुर्गति, दुर्दशा, दुर्भाग्य	misfortune, distress, bad condition.
अगम्य (अगम)	वि.	1. पहुँच के बाहर, दुर्गम;	অগম্য, দুৰ্গম;	अगम्य, दुर्गम;	inaccessible, inapproachable;
		2. अप्राप्य;	অপ্ৰাপ্য, দুষ্প্ৰাপ্য;	अप्राप्य, दुष्प्राप्य;	unattainable;
		3. अज्ञेय;	অজ্ঞেয়, জ্ঞানাতীত;	अज्ञेय, ज्ञानातीत;	incomprehensible;
		4. अथाह;	আথাউনি;	आथाउनि;	unfathomable;
		5. जिससे सहवास न किया जा सके।	অগম্য, সহবাসৰ অযোগ্য	अगम्य, सहबासर अजोग्य	not fit for sexual intercourse.
अगर	अव्य.	यदि, जो।	যদি, এনে হ'লে	जदि, एने ह'ले	if, in the event of, in case.
	पुं.	एक पेड़ जिसकी लकड़ी बहुत सुगंधित होती है।	অগুৰু গছ, এবিধ সুগন্ধি গছ	अगुरु गछ, एबिध सुगन्धि गछ	a kind of wood giving out fragrance.
अगरबत्ती	स्त्री.	अगर की बत्ती।	ধূপ, ধূপকাঠি	धूप, धूपकाठि	incense-stick.
अगल-बगल	क्रि. वि.	1. दाहिने और बांए;	ইফালে সিফালে, দুয়োফালে;	इफाले सिफाले, दुयोफाले;	on one side or the other, both the sides;
		2. आसपास।	আশেপাশে, ওচৰে পাজৰে	आशेपाशे, ओचरे पाजरे	side by side, around, in the neighbourhood.
अगला	वि.	1. जो सब से आगे या पहले हो, आगेवाला, सामने वाला;	একেবাৰে আগত থকা;	एकेबारे आगत थका;	foremost, frontal;
		2. पहले या पूर्व का, प्रथम;	প্ৰথম, পহিলা;	प्रथम, पहिला;	former;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. बीते समय का, पुराना;	আগৰ, পুৰণি, পূৰ্ব্বৰ;	आगर, पुरणि, पूर्वर;	previous;
		4. भविष्य में आने वाला;	আগামি, আগন্তুক;	आगामि, आगन्तुक;	following, forthcoming, approaching;
		5. प्रस्तुत के बाद वाला।	আগলৈ হ'ব লগা	आगलै ह'ब लगा	next.
अगवाड़ा	पुं.	घर के आगे का भाग या भूमि।	আগফাল, সম্মুখ, আগ-চোতাল	आगफाल, सम्मुख आग-चोताल	frontage, front portion (of a house).
अगवानी	स्त्री.	आगे बढ़ कर लेना, स्वागत, बरात के स्वागतार्थ कन्या पक्ष का आगे जाना।	স্বাগত, আদৰাণি, সম্ভাষণ, অভ্যৰ্থনা	स्वागत, आदराणि, सम्भाषण, अभ्यर्थना	reception, welcome, going or sending forward to meet and receive a marriage party or a distinguished guest.
अगहन	पुं.	कार्तिक और पोस के बीच का महीना, मार्गशीर्ष, अग्रहायण।	অঘোণ, মাহ	अघोण माह	the **ninth** month of Indian calendar, the name of the luni-solar year of the Hindus (Nov.-Dec.)
अगाऊ	वि.	आगे का, अगला।	আগলৈ হ'বলগা	आगलै ह'ब लगा	next, following.
अगाड़ी	स्त्री.	1. आगे या सामने का भाग;	আগফাল, সন্মুখৰ ভাগ;	आगफाल, सन्मुखर भाग;	frontage front portion;
		2. घोड़े की गर्दन में बांधी जाने वाली दो रस्सियां जो दोनों ओर खूंटों में बंधी रहती हैं।	ঘোঁৰা বন্ধা	घोंरा बन्धा	forefelters of a horse, ropes tied round the neck of a horse.
	क्रि.	1. आगे;	ৰচী;	रची;	in the front;
	वि.	2. सामने;	আগত, সন্মুখত;	आगत, सन्मुखत;	before, in front of;
		3. भविष्य में।	পৃৰ্ব্বে, আগেয়ে	पूर्व्वे, आगेये	in future.
अगाध	वि.	1. अथाह;	আথাউনি, অগাধ;	आथाउनि, अगाध;	unfathomable;
		2. बहुत अधिक (प्रेम आदि);	গভীৰ, অতি দ;	गभीर, अति द;	very deep (love etc.);
		3. अपार।	অপাৰ	अपार	excessive, limitless.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अगिनबोट	पुं.	भाप स चलने वाली एक प्रकार की बहुत बड़ी नाव।	ভাপ নাও	भाप नाओ	steam boat.
अगुआ	पुं.	1. आगे चलने वाला;	আগৰণুৱা, নেতা;	आगरणुवा, नेता;	vanguard, a leader;
		2. पथप्रदर्शक;	পথ প্ৰদৰ্শক;	पथ प्रदर्शक;	a guide;
		3. मुखिया, नेता।	মুখিয়াল, নেতা	मुखियाल, नेता	ring leader.
अगुआई	स्त्री.	1. नेतृत्व;	নেতৃত্ব;	नेतृत्व;	leadership;
		2. मार्गप्रदर्शन;	পথপ্ৰদৰ্শন;	पथप्रदर्शन;	guidance;
		3. अगवानी।	স্বাগত, অভ্যৰ্থনা, সম্ভাষণ	स्वागत, अभ्यर्थना, सम्भाषण	welcome, reception.
अगुन(अगुण)	वि.	निर्गुण।	নিৰ্গুণ, গুণাতীত (পৰমব্ৰহ্মৰ ক্ষেত্ৰত প্ৰযোজ্য)	निर्गुण, गुणातीत (परमब्रहमर क्षेत्रत प्रज़ोज्य)	destitute of attributes (referring to God or the Supreme Being).
अगूढ़	वि.	1. जो छिपा न हो, प्रकट;	স্পষ্ট, প্ৰকট, ওলাই থকা;	स्पष्ट, प्रकट, ओलाइ थका;	not hidden or concealed, manifest;
		2. जो समझने में कठिन न हो, स्पष्ट।	সহজবোধ্য, স্পষ্ট	सहजबोध्य, स्पष्ट	intelligible, clear.
अगोचर	वि.	जिस का ज्ञान इंद्रियों से न हो सके, इंद्रियातीत, अप्रकट।	অগোচৰ, ইন্দ্ৰিয়াতীত	अगोचर, इन्द्रियातीत	imperceptible to the senses, mysterious, not obvious, not being seen or observed or known.
अग्नि	स्त्री.	1. आग;	জুই, অগ্নি;	जुइ, अग्नि;	fire;
		2. जठराग्नि;	ভোক, জঠৰাগ্নি;	भोक, जठराग्नि;	appetite, the digestive faculty;
		3. उष्णता, गरमी।	তাপ, জহ, গৰম	ताप, जह, गरम	heat, hotness.
अग्निकर्म	पुं.	1. शवदाह;	শৱদাহ, খৰি দিয়া;	शवदाह, खरि दिया;	burning of the dead body;
		2. गरम लोहे से दागना;	দাগ দিয়া কাৰ্য্য;	दाग दिया कार्य्य;	cauterization;
		3. हवन।	আহুতি	आहूति	offering oblations to fire.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अग्निकांड	पुं.	दूर तक फैलने वाली आग जो अत्यधिक नाशक हो।	অগ্নিকান্ড	अग्निकाण्ड	devastating fire
अग्निदान	पुं.	चिता में आग लगाना।	চিতাত জুই লগোৱা, মুখাগ্নি	चितात जुइ लगोवा, मुखाग्नि	kindling the funeral pyre.
अग्निपरीक्षा	स्त्री.	1. अग्नि द्वारा परीक्षा, जलती आग, खौलते तेल आदि के जरिए किसी के दोषी-निर्दोष होने की जांच;	অগ্নি পৰীক্ষা;	अग्नि परीक्षा;	ordeal by fire;
		2. धातुओं को आग में तपाकर उनकी शुद्धता की जांच करना;	জুইত পুৰি চোৱা;	जुइत पुरि चोरा;	fire-test;
		3. कठिन परीक्षा।	কঠোৰ পৰীক্ষা	कठोर परीक्षा	ordeal.
अग्निमांद्य	पुं.	जठराग्नि का मंद हो जाना, भूख कम लगने का रोग, मंदाग्नि।	অভোক, অগ্নিমান্দ্য, পেটৰ অসুখ	अभोक, अग्निमान्द्य, पेटर असुख	loss of appetite, dyspepsia.
अग्नि-संस्कार	पुं.	1. मृतव्यक्ति का जलाया जाना, शवदाह	শৱ সংস্কাৰ, শৱ দাহ;	शव संस्कार, शव दाह;	burning on the funeral pyre;
		2. अग्नि द्वारा तपाकर शुद्धि करना।	জুইত পুৰি শুচি কৰা কাৰ্য্য	जुइत पुरि शुचि करा कार्ज़	hallowing or consecrating by means of fire.
अग्निसह	वि.	जो अग्नि में पड़कर भी न जलता हो, आग के प्रभाव से रहित।	অদাহ্য, জুয়ে পুৰিব নোৱৰা	अदाहय, जुये पुरिब नोवरा	fireproof.
अग्निहोत्र	पुं.	एक प्रकार का वैदिक होम।	বেদবিহিত হোম, অগ্নিহোত্ৰ	बेदबिहित होम, अग्निहोत्र	a kind of Vedic sacrifice.
अग्र	पुं.	1. अगला भाग;	আগভাগ, আগলি;	आगभाग, आगलि;	the first or fore part;
		2. सिरा, नोक;	ধাৰ, জোং, আগ;	धार, जों, आग;	edge, end;
		3. शिखर।	মূৰৰ অংশ, চূড়া	मूरर अंश चूड़ा	top.
	वि.	1. अगला;	আগ;	आग;	front;
		2. पहला;	প্ৰথম, পহিলা;	प्रथम, पहिला;	first;
		3. प्रधान, मुख्य;	শাৰীৰ, মুখ্য, প্ৰধান;	शारीर, मुख्य, प्रधान;	chief or fore;
		4. श्रेष्ठ।	সৰ্ব্বপ্ৰথম, উত্তম,	सर्ब्बप्रथम, उत्तम	best.
अग्रगण्य	वि.	गणना में पहले आनेवाला, मुख्य, प्रधान।	অগ্ৰগণ্য, আগশাৰীৰ, মুখ্য, প্ৰধান	अग्रगण्य, आगशारीर, मुख्य, प्रधान	to be reckoned first, fore-most.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अग्रगामी	पु.	नायक, अगुआ।	নেতা, নায়ক, মুখিয়াল	नेता, नायक, मुखियाल	leader, forerunner.
	वि.	आगे चलनेवाला।	আগে আগে যাওঁতা, আগশাৰীত যাওঁতা	आगे आगे जाओंता, आगशारीत जाओंता	foregoing, preceding.
अग्रज	पुं.	बड़ा भाई।	অগ্ৰজ, ককাইদেউ	अग्रज, ककाइदेउ	an elder brother.
अग्रणी	पुं.	नेता, अगुआ।	অগ্ৰণী, নেতা, নায়ক	अग्रणी, नेता, नायक	leader–
	वि.	1. आगे चलनेवाला; 2. श्रेष्ठ।	আগবাঢ়ি যাওঁতা; শ্ৰেষ্ঠ, মুখ্য	आगबाढ़ि जाओंता; श्रेष्ठ, मुख्य	foremost, chief; prominent.
अग्रदूत	पुं.	पहले से पहुचकर किसी के जाने की सूचना देने वाला।	অগ্ৰদূত	अग्रदूत	forerunner, harbinger.
अग्रलेख	पुं.	समाचारपत्र का मुख्य (संपादकीय) लेख।	সম্পাদকীয়, সম্পাদকীয় স্তম্ভ	सम्पादकीय, सम्पादकीय स्तम्भ	editorial.
अग्रहायन	पुं.	दे. 'अगहन'।	অঘোণ মাহ	अघोण माह	see 'अगहन'.
अग्राम्य	वि.	1. जो देहाती न हो, नगर का; 2. सभ्य, शिष्ट।	নগৰীয়া; নম্ৰ, শিষ্ট, ভদ্ৰ	नगरीया; नम्र, शिष्ट, भद्र	not rustic or rural, urban; polite, civil.
अग्राह्य	वि.	1. ग्रहण के अयोग्य, अस्वीकरणीय, त्याज्य; 2. अविचारणीय; 3. अविश्वसनीय।	অগ্ৰাহ্য, গ্ৰহণৰ অযোগ্য; নগণ্য, ধৰিবনলগীয়া; অবিশ্বাস্য	अग्राह्य, ग्रहणर अजोग्य; नगण्य, धरिवनलगीया; अबिश्वास्य	not acceptable, inadmissible; not fit to be considered; unbelievable.
अग्रिम	वि.	1. पहला; 2. आगामी; 3. श्रेष्ठ, उत्तम: 4. (धन–राशि) जो कुछ देने या पारिश्रमिक निश्चित होने पर बात पक्की करने के लिए पहले दी जाती है, पेशगी।	প্ৰথম, পহিলা; আগামী, আগন্তুক; শ্ৰেষ্ঠ, উত্তম; আগধন, অগ্ৰিম	प्रथम, पहिला; आगामी, आगन्तुक; श्रेष्ठ, उत्तम; आगधन, अग्रिम	first; forthcoming; superior; advance (of money etc.).
अग्रेषण	पुं.	1. आगे की ओर बढ़ाने का कार्य; 2. किसी के आवेदनपत्र आदि को अपने से उच्च या आगे के अधिकारी के पास विचारार्थ भेजना या आगे बढ़ाना अग्रसारण।	আগলে বঢ়াই দিয়া কাৰ্য্য; অগ্ৰেষণ, যথাস্থানলৈ পঠোৱা কাৰ্য্য	आगले बढ़ाइ दिया कार्य्य; अग्रेषण, जथास्थानलै पठोवा कार्य्य;	act of sending forth; act of forwarding.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अघ	पुं.	पाप	পাপ, দুঃখ, দুষ্কৃতি	पाप, दुःख, दुष्कृति	sin, evil.
अघाना	अ. क्रि.	1. भरपेट भोजन करना, छकना;	পেট ভৰাই খা;	पेट भराइ खा;	to be satiated;
		2. संतुष्ट या तृप्त होना, इच्छा पूरी होना;	সন্তুষ্ট হ;	सन्तुष्ट ह;	to be satisfied;
		3. जी भरना, ऊबना।	হেঁপাহ পলা	हेंपाह पला	to have enough of.
अघोर	पुं.	1. शिव का एक रूप;	শিৱৰ এটা ৰূপ;	शिवर एटा रूप;	a form of Shiva;
		2. उक्त रूप का उपासक संप्रदाय।	অঘোৰপন্থী, অঘোৰ সম্প্ৰদায়	अघोरपन्थी, अघोर सम्प्रदाय	a follower or worshipper of this form of Shiva.
	वि.	घोर से भी अधिक घोर और बुरा, अत्यंत घोर।	লেতেৰা, ফেদেলা	लेतेरा, फेदेला	filthy, foul, unclean.
अघोरपंथ	पुं.	शिव का उपासक एक संप्रदाय जो मद्य-मांस आदि का भी सेवन करता है।	বামাচাৰী সম্প্ৰদায়, অঘোৰপন্থ	बामाचारी सम्प्रदाय, अघोरपन्थ	a sect worshipping Shiva and indulging in meat-eating and wine etc. also.
अघोरी	पुं.	अघोरपंथ का अनुयायी, औघड़।	বামাচাৰী লোক	बामाचारी लोक	follower of the 'अघोरपंथ'.
	वि.	घृणित वस्तुओं का सेवन करने वाला, गंदा।	জঘন্য, লেতেৰা, গেলাপচা (বস্তু)	जघन्य, लेतेरा, गेलापचा (बस्तु)	filthy, unclean, indulging in detestable things.
अघोष	पु. वि.	1. एक वर्ण समूह जिसके अंतर्गत क, ख, च, छ, ट, ठ, त, थ, प, फ, श, ष, और स हैं;	অঘোষ, ঘোষত্বহীন;	अघोष, घोषत्वहीन;	(in grammar) hard (as consonants).
		2. नीरव।	নিমাত, নিতাল, নীৰৱ	निमात, नितात, नीरव	without noise or sound, calm.
अचंभा	पुं.	1. आश्चर्य, विस्मय;	চমক, চঁক, উচপ;	चमक, चँक, उचप;	wonder, surprise;
		2. आश्चर्यजनक बात।	আশ্চৰ্য্যজনক কথা বা কাৰ্য্য	आश्चर्य्यजनक कथा बा कार्य्य	a thing or matter of wonder.
अचकचाना	अ. क्रि.	भौंचक्का होना, विस्मित होना, चौंक उठना।	বিচূৰ্ত্তি হ, অবাক হ, বিস্মিত হ	बिचूर्ति ह, अबाक ह, बिस्मित ह	to be surprised, to be startled, to be taken aback, to be bewildered.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अचकन	स्त्री.	लंबा अंगरखा।	চাপকন	चापकन	a kind of long coat.
अचर	वि.	अचल, स्थावर।	অলৰ, অচল, স্থাৱৰ	अलव, अचर, स्थावर	immovable, inanimate.
अचरज	पुं.	1. आश्चर्य, अचंभा; 2. आश्चर्यजनक बात।	চঁক, বিচৃৰ্ত্তি; আশ্চৰ্য্য	चँक, बिचूर्त्ति; आश्चर्य्य	surprise, wonder; a thing or matter of wonder.
अचल	वि.	1. जो अपने स्थान पर बना रहता हो, इधर-उधर न हटता हो, स्थावर;	স্থাৱৰ, অলৰ, অচল;	स्थावर, अलर, अचल;	immovable, motionless;
		2. गतिहीन, स्थिर;	গতিহীন, স্থিৰ;	गतिहीन, स्थिर;	immobile, stationary;
		3. अटूट, दृढ़;	অলৰ-অচৰ;	अलर-अचर;	constant, firm;
		4. चिरस्थायी।	চিৰস্থায়ী	चिरस्थायी	permanent.
अचल संपत्ति	स्त्री.	वह संपत्ति जो अपने स्थान से हटाई न जा सकती हो।	স্থাৱৰ সম্পত্তি	स्थावर सम्पत्ति	immovable property.
अचला	स्त्री.	पृथ्वी।	পৃথিৱী, ধৰা, ধৰিত্ৰী	पृथिवी, धरा, धरित्री	earth.
अचानक	क्रि. वि.	बिना पूर्व सूचना के, यकायक, सहसा।	ধপকৰে, হঠাত্ অকস্মাত্, আচম্বিতে	धपकरे, हठात्, अकस्मात्, आचम्बिते	suddenly, unexpectedly, all of a sudden.
अचार	पुं.	फल या तरकारी में मिर्च-मसाले लगाकर कुछ दिनों तक तेल या सिरके में रखने से बना खट्टा और चटपटा खाद्य।	আচাৰ, কাহুদি	आचार, काहुदि	pickles.

				properly;
	2. उपयुक्त अवसर पर;	সময় বুজি, ছেগ চাই;	समय बुजि, छेग चाइ;	opportunely;
	3. यदि यही बात है तो, खैर;	সঠিকভাৱে, সঁচা বুলি;	सठिकभावे, सँचा बुलि;	granted, true;
	4. स्वीकारसूचक उत्तर 'हाँ';	সঁচা, হয়, এৰা;	सँचा, हय, एरा;	quite right, well, very good;
	5. आश्चर्य, उपेक्षा आदि सूचक अव्यय।	বাঃ বাঃ বৰ ভাল কথা	बाः बाः बर भाल कथा	well done, bravo! all right!

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अचिंतनीय	वि.	1. जिसका चिंतन या कल्पना न हो सके, अज्ञेय, दुर्बोध;	অভাৱনীয়, ভাবিবনোৱৰা;	अभावनीय, भाविबनोवरा;	inconceivable, difficult to understand, incomprehensible;
		2. आकस्मिक, अप्रत्याशित।	অপ্ৰত্যাশিত	अप्रत्याशित	unexpected.
अचिर	वि.	1. क्षणस्थायी;	খন্তেকীয়া, ক্ষণস্থায়ী;	खन्तेकीया, क्षणस्थायी;	momentary;
		2. जो पुराना न हो, नया, हाल का, ताजा।	নতুন, জীয়া, কেঁচা	नतुन, जीया, केंचा	not old, new, fresh, recent.
	क्रि.	1. शीघ्र;	সোনকালে, ততালিকে;	सोनकाले, ततालिके;	soon;
	वि.	2. हाल में;	অলপতে;	अलपते;	recently;
		3. कुछ ही पहले।	অলপ দিনৰ আগতে	अलप दिनर आगते	not long ago.
अचूक	वि.	1. खाली या व्यर्थ न जानेवाला, **अमोघ**;	অব্যৰ্থ, সফল, অমোঘ;	अव्यर्थ, सफल, अमोघ;	unfailing;
		2. निश्चित, भ्रमरहित।	নিশ্চিত, খাটাং	निश्चित, खाटां	sure, certain.
अचेत	वि.	1. चेतनारहित, मूर्च्छित;	চেতনাহীন, অজ্ঞান;	चेतनाहीन, अज्ञान;	unconscious, fainted;
		2. जिसका होश-हवास ठिकाने न हो;	অচেতন, জড়;	अचेतन, जड़;	insensible, senseless;
		3. असावधान।	ভু নোপোৱা, আওকণীয়া	भु नोपोवा, आओकणीया	unaware, unmindful.
अचेतन	पुं.	1. जड़ पदार्थ;	নিৰ্জীৱ বস্তু;	निर्जीव वस्तु;	lifeless object;
		2. मनोविज्ञान में मन का वह नीचे दबा हुआ सुप्तप्राय अंश जिसमें ऐसी धारणाएँ, भाव, संस्कार आदि पड़े-पड़े अपना कार्य करते रहते हैं जिनका पूरा, प्रत्यक्ष और स्पष्ट भान मनुष्य को नहीं होता।	অচেতন অবস্থা, সংজ্ঞাহীনতা	अचेतन अवस्था, संज्ञाहीनता	unconscious.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
	वि.	1. चेतना रहित;	অচেতন;	अचेतन;	unconscious;
		2. निर्जीव।	নিৰ্জীৱ, মৃত	निर्जीव, मृत	lifeless, inanimate.
अचैतन्य	वि.	1. चेतनारहित, जड़;	নিৰ্জীৱ, মৃত, জড়;	निर्जीव, मृत, जड़;	inanimate, lifeless;
		2. बेहोश, मूर्च्छित।	অচেতন	अचेतन	senseless.
	पुं.	जड़ पदार्थ।	জড় পদাৰ্থ	जड़ पदार्थ	material world.
अच्छा (अच्छी स्त्री.)	वि.	1. भला, बढ़िया, बढ़कर;	ভাল, বঢ়িয়া, সুন্দৰ;	भाल, बढ़िया, सुन्दर;	good, nice, fine;
		2. ठीक, उपयुक्त, फबनेवाला;	উপযুক্ত, বাস্তৱ, যোগ্য;	उपजुक्त, वास्तव, जोग्य;	proper, suitable, befitting,
		3. सुंदर;	উত্কৃষ্ট, উত্তম;	उत्कृष्ट, उत्तम;	excellent;
		4. खरा;	বিশুদ্ধ, আচল;	विशुद्ध, आचल;	genuine, pure, unadulterated;
		5. सकुशल;	কুশল, সুস্থ, মংগল;	कुशल, सुस्थ, मंगल;	well;
		6. चंगा, नीरोग;	সুস্থ, স্বাস্থ্যৱান;	सुस्थ, स्वास्थ्यवान;	hale, healthy, salubrious (as climate);
		7. स्वास्थ्यकर ;	হিতকৰ, স্বাস্থ্যকৰ;	हितकर, स्वास्थ्यकर;	
		8. संपन्न, प्रतिष्ठित;	ভাগ্যবান, প্ৰতিষ্ঠিত;	भाग्यवान, प्रतिष्ठित;	lucky, fortunate;
		9. जो बुरा न हो, दोषरहित;	নিঘুণ, ত্ৰুটীহীন;	निघुण, त्रुटीहीन;	not bad, without fault;
		10. कामचलाऊ;	লাগতিয়াল, কামিলা;	लागतियाल, कामिला;	serviceable, useful;
		11. प्रिय, प्रसन्नतादायक;	মনোৰম, ভাললগা;	मनोरम, भाललगा;	pleasant, pleasing, agreeable;
		12. शुभ;	শুভ, সদয়;	शुभ, सदय;	propitious;
		13. लाभदायक, श्रेयस्कर;	লাভজনক;	लाभजनक;	profitable;
		14. संतोषजनक।	সন্তোষজনক	सन्तोषजनक	satisfactory, favourable.
	क्रि. वि.	1. अच्छी तरह, भलीभांति;	শুদ্ধকৈ, ভালকৈ;	शुद्धकै, भालकै;	well, correctly, properly;
		2. उपयुक्त अवसर पर;	সময় বুজি, ছেগ চাই;	समय बुजि, छेग चाइ;	opportunely;
		3. यदि यही बात है तो, खैर;	সঠিকভাৱে, সঁচা বুলি;	सठिकभावे, सँचा बुलि;	granted, true;
		4. स्वीकारसूचक उत्तर 'हाँ';	সঁচা, হয়, এৰা;	सँचा, हय, एरा;	quite right, well, very good;
		5. आश्चर्य, उपेक्षा आदि सूचक अव्यय।	বা: বা: বৰ ভাল কথা	बा: बा: बर भाल कथा	well done, bravo! all right!

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अच्छाई	स्त्री.	1. अच्छा होने की अवस्था या भाव, अच्छापन;	মংগল, উপকাৰ;	मंगल, उपकार;	goodness;
		2. विशेषता, खूबी;	যোগ্যতা, পুণ্য, গুণ;	जोग्यता, पुण्य, गुण;	virtue, merit;
		3. भलाई;	পৰোপকাৰ;	परोपकार;	doing good to others;
		4. लाभ।	লাভ, সুবিধা, সুচল	लाभ, सुविधा, सुचल	advantage.
अच्छा-खासा	वि.	1. काफी अच्छा;	বেচ সুন্দৰ, বৰ ভাল;	बेच सुन्दर, बर भाल;	quite good, sufficiently good;
		2. बहुत अधिक।	অতিচাৰ, অতি বেছি	अतिचार, अति बेछि	very much, too much.
अच्छा-बुरा	वि.	भला-बुरा, लाभ-हानि।	লাভ-লোকচান	लाभ-लोकचान	good or bad, advantage or disadvantage.
अच्युत	वि.	1. जिसने भूल या त्रुटि न की हो, जो पथभ्रष्ट न हुआ हो, निर्दोष;	নিৰ্দোষ, নিকা;	निर्दोष, निका;	one who has not committed any mistake, spotless;
		2. अपने स्वरूप, सामर्थ्य या स्थान से न गिरने या हटनेवाला, अटल;	স্থিৰ, অটল, নিৰ্ব্বিকাৰ;	स्थिर, अटल, निर्ब्बिकार;	fixed, permanent;
		3. शाश्वत।	শাশ্বত, নিত্য	शाश्वत, नित्य	eternal.
	पुं.	विष्णु।	অচ্যুত, বিষ্ণু	अच्युत, बिष्णु	name of Vishnu or God.
अछूत	पुं.	अछूत जाति का व्यक्ति, हरिजन, शूद्र।	হৰিজন, অস্পৃশ্য জাতিৰ লোক	हरिजन, अस्पृश्य जातिर लोक	member of the untouchable class, Shudra,
	वि.	न छूने योग्य, अस्पृश्य।	অস্পৃশ্য, অশুচি	अस्पृश्य, अशुचि	untouchable.
अछूता	वि.	1. जो छुआ न गया हो;	নোছোৱা,	नोछोवा;	untouched;
		2. जो काम में न लाया गया हो, कोरा, नया;	কামত নলগোৱা, নতুন;	कामत नलगोवा, नतुन;	unused, new;
		3. जिसके संबंध में अभी तक विचार न किया गया हो।	ন, নতুন, নোছোৱাকৈ থকা	न, नतुन, नोछोवाकै थका	untouched, fresh, new.
अछूतोद्धार	पुं.	अछूतों या अस्पृश्य जातियों के उद्धार का काम, प्रयत्न या भाव।	অস্পৃশ্যতাবৰ্জ্জন	अस्पृश्यताबर्ज्जन	act or effort to raise the social status of the members of the untouchable classes.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अजगर	पुं.	एक विशाल सर्प जो बकरी, हिरन आदि को निगल जाता है।	অজগৰ	अजगर	a huge serpent, a kind of large snake, a dragon, python, (lit)the goat eater.
अजगरवृत्ति	स्त्री.	अजगर की-सी वृत्ति जिसमें कोई कामधंधा किए बिना आदमी चुपचाप खाता रहता है, निरुद्यम भगवान के भरोसे रहने की वृत्ति।	ধোদালি, সোৰোপালি, মিজিংমাজাং या স্বভাৱ	धोदालि, सोरोपालि, मिजिंमाजां स्वभाव	languidness, sluggishness, slothfulness, inactivity.
अजनबी	पुं.	1. ऐसा नया आदमी जो स्थान आदि से परिचित न हो या जिससे और लोग परिचित न हों;	আচিনাকি লোক, আচহুৱা লোক;	आचिनाकि लोक, आचहुवा लोक;	stranger, unfamiliar;
		2. परदेशी।	বিদেশী লোক	बिदेशी लोक	foreigner, alien.
	वि.	अपरिचित, अनजान।	অপৰিচিত, আচহুৱা, অচিনাকি, বিদেশী	अपरिचित, आचहुवा, अचिनाकि, विदेशी	unfamiliar, strange, foreign.
अजन्मा	वि.	1. जिसने जन्म न लिया हो;	নোপজা, নজন্মা;	नोपजा, नजन्मा;	unborn, unbegotten·
		2. जन्म के बंधन से मुक्त;	জন্মবন্ধনৰ পৰা মুক্ত;	जन्मबन्धनर परा मुक्त;	free from the bonds of being born (used in religion);
		3. अनादि।	অনাদি	अनादि	eternal.
अजपा	पुं.	मंत्र जपने का वह प्रकार जिसमें मन ही मन जप किया जाता है, मुंह से उच्चारण नहीं किया जाता।	উচ্চাৰিত নোহাৱা মন্ত্ৰ, অজপা মন্ত্ৰ	उच्चारित नोहोवा मन्त्र, अजपा मन्त्र	a kind of chanting of **mantras** which remain unpronounced,
	वि.	1. जिसका जप न किया गया हो अथवा न किया जाए;	জপ নকৰা, জপ কৰিব নলগীয়া;	जप नकरा, जप करिब नलगीया;	not or not to be chanted;
		2. जप न करने वाला।	জপ নকৰা	जप नकरा	not chanting.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अजब	वि.	विचित्र, अनोखा, विलक्षण।	বিচিত্ৰ, বিৰল, আশ্চৰ্য্যজনক	विचित्र, बिरल, आश्चर्य्यजनक	strange, wonderful, rare, marvellous.
	पुं.	अचरज, अचंभा।	আশ্চৰ্য্য	आश्चर्य्य	wonder, astonishment.
अजर	वि.	1. जिसे बुढ़ापा न आवे, जरारहित;	অজৰ, জড়াৰহিত;	अजड़, जड़ारहित;	not liable to decay or old age;
		2. क्षयरहित।	অক্ষয়, চিৰন্তন	अक्षय, चिरन्तन	undecaying, imperishable.
	पुं.	परब्रह्म, देवता।	ব্ৰহ্ম	ब्रह्म परम ब्रह्म	an epithet of God, Supreme Being.
अजवायन	स्त्री.	एक प्रसिद्ध पौधा और उसके बीज जो औषधि और मसाले के काम आते हैं।	আজানি	आजानि	a kind of aromatic seed, the seed of a plant of the kind **lingusticism ajowan** ,a species of lovage or bishops weed with the flavour of carr-aways (**Ptychotis ajowan**), used medicinally.
अजस्र	वि.	बराबर या लगातार चलता रहने वाला, अटूट।	অটুট, অবিৰাম, নিত্য, অনন্ত	अटुट, अबिराम, नित्य, अनन्त	perpetual.
	क्रि. वि.	निरंतर, लगातार।	নিৰন্তৰ, একেৰাহে	निरन्तर, एकेराहे	perpetually, for ever.
अजात	वि.	1. जो उत्पन्न न हुआ हो, जिसने जन्म न लिया हो;	অজাত, নোপজা;	अजात, नोपजा;	not produced, not born;
		2. जन्म के बंधन से मुक्त।	জন্মৰহিত	जन्मरहित	free from the bonds of being born.
अजातशत्रु	वि.	जिसका कोई बैरी, शत्रु या विरोधी न हो।	শত্ৰুহীন	शत्रुहीन	having no enemy.
अज़ान	स्त्री.	मसजिद में मुल्ला की वह पुकार जो मुसलमानों को नमाज पढ़ने के लिए आमंत्रित करती है।	আজান	आजान	the summons to prayers, generally proclaimed from the minars or towers of a mosque.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अजायबघर	पुं.	वह भवन या उसका भाग जहां पर पुराकालीन कला-कौशल संबंधी और विभिन्न प्रकार की अद्भुत और विलक्षण वस्तुएँ संगृहीत, परिरक्षित तथा प्रदर्शित की जाती हैं, संग्रहालय।	যাদুঘৰ, সংগ্ৰহালয়	जादुघर, संग्रहालय	museum.
अजिन	पुं.	हिरण, शेर, चीते आदि का चमड़ा जो ओढ़ा या बिछाया जाता है, मृगछाला।	পহুৰ ছাল, বহিবলৈ ব্যৱহাৰ কৰা জন্তুৰ ছাল	पहुर छाल, बहिवलै व्यवहार करा जन्तुर छाल	the hide of an antelope, lion, tiger, etc., on which the religious students sit or sleep.
अजिर	पुं.	आंगन।	চোতাল	चोताल	an arena, court.
अजी	अव्य.	'ए जी' का संक्षिप्त रूप, संबोधन का शब्द।	হেৰি! হে'ৰা! হে'ৰ!	हेरि! हे'रा! हे'र!	(used in addressing or to call attention, or to express surprise, or contempt,) ho there! I say; Sir; O sir! good girl, Madam. My lady! good woman, man (forms used by a husband and wife respectively in addressing each other being considered disrespectful for them to call each other by name.)
अजीब	वि.	विलक्षण, अद्भुत।	বিচিত্ৰ, আচৰিত	बिचित्र, आचरित	wonderful, surprising, astonishing, marvellous.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अजीर्ण	पुं.	1. अपच, बदहजमी;	অজীৰ্ণ, বদ্‌হজম;	अजीर्ण, बदहजम;	indigestion, dyspepsia;
		2. किसी बात या वस्तु की ऐसी अभिव्यक्ति जो उसके निरर्थक बाहुल्य की सूचक तथा हास्यास्पद हो।	অশিষ্টাচাৰ	अशिष्टाचार	excess (so as to produce disgust etc.).
	वि.	1. जो जीर्ण या पुराना न हो, फलतः नया;	যে পুৰণি নহয়,নতুন;	जे पुरणि नहय, नतून;	not old,hence new;
		2. जो पचा न हो।	অজীৰ্ণ, জীৰ্ণ নোয়াৱা	अजीर्ण,जीर्ण नोयावा	undigested.
अजीव	पुं.	जड़ पदार्थ।	জড় পদাৰ্থ	जड़ पदार्थ	the inanimate object.
	वि.	1. निर्जीव;	নিৰ্জীৱ, জড়;	निर्जीब, जड़;	lifeless, deprived of life;
		2. मृत;	মৃত, মৰা;	मृत मरा;	dead,
		3. अचेतन, जड़।	অচেতন, জড়	अचेतन, जड़	inanimate.
अजेय	वि.	1. जिसे कोई जीत न सके;	অজেয়, অপৰাজেয়;	अजेय, अपराजेय;	invincible, unconquerable;
		2. जो हारा न हो, अपराजित।	অপৰাজিত	अपराजित	not defeated, not subdued.
अज्ञ	वि	1. ज्ञानरहित ;	অজ্ঞ, জ্ঞানহীন;	अज्ञ, ज्ञानहीन;	ignorant, not knowing;
		2. नासमझ, मूर्ख।	মূৰ্খ, বুদ্ধিহীন	मूर्ख, बुद्धिहीन	idiot, stupid.
अज्ञता	स्त्री.	1. अज्ञान ;	অজ্ঞতা;	अज्ञता;	ignorance;
		2. नासमझी, मूर्खता।	মূৰ্খালি	मूर्खालि	stupidity, folly.
अज्ञात	वि.	1. न जाना हुआ;	অপৰিচিত, অচিনাকি;	अपरिचित, अचिनाकि;	unknown;
		2. जिसे ज्ञान या भान न हो;	নজনা নুশুনা;	नजना नुशुना;	unknowing;
		3. अप्रकट।	অপ্ৰকাশিত, অজ্ঞাত	अप्रकाशित, अज्ञात	not revealed, not known.
अज्ञातवास	पुं.	देशांतर में ऐसे वेश व्यवहार आदि को अपनाकर रहना जिसमें वास्तविक परिचय का लोगों को पता न लग सके।	অজ্ঞাতবাস, গোপনবাস	अज्ञातबास, गोपनवास	living incognito.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अज्ञान	पु.	1. ज्ञान का अभाव;	অজ্ঞান, জ্ঞানহীন;	अज्ञान, ज्ञानहीन;	lack of knowledge, ignorance;
		2. मिथ्याज्ञान;	মিছাজ্ঞান, অসত্‌জ্ঞান;	मिछाज्ञान, असत्‌ज्ञान	false knowledge;
		3. मूर्खता।	মূৰ্খালি, অজ্ঞানতা	मूर्खालि, अज्ञानता	stupidity, folly.
	वि.	ज्ञानरहित, मूर्ख।	জ্ঞানহীন, মূৰ্খ	ज्ञानहीन, मूर्ख	ignorant, unwise, stupid, foolish.
अज्ञानता	स्त्री.	1. ज्ञान न होने की अवस्था या भाव;	অজ্ঞানতা, নিৰ্ব্বোধতা;	अज्ञानता, निर्ब्बोधता;	the state of ignorance;
		2. मिथ्याज्ञान;	মিছাজ্ঞান;	मिछाज्ञान;	false knowledge;
		3. मूर्खता, नासमझी।	মূৰ্খালি, অজ্ঞানতা	मूर्खालि, अज्ञानता	stupidity, folly.
अज्ञानी	वि.	1. ज्ञानरहित, अज्ञ;	অজ্ঞানী, অজ্ঞ, অবোধ;	अज्ञानी, अज्ञ, अबोध;	ignorant;
		2. मूर्ख, नासमझ।	মূৰ্খ, নিৰ্ব্বোধ	मूर्ख, निर्ब्बोध	stupid, foolish.
अज्ञेय	वि.	जो जाना न जा सके, ज्ञानातीत।	অজ্ঞেয়, বোধগম্য নোহাৱা, জ্ঞানতীত	अज्ञेय, बोधगम्य नोहोवा, ज्ञानतीत	unknowable, unfit to be known.
अज्ञेयतावाद	पुं.	वह सिद्धांत जिसके अनुसार यह माना जाता है कि इस दृश्यजगत से परे जो कुछ है वह अज्ञेय है।	অজ্ঞেয়বাদ	अज्ञेयवाद	agnosticism.
अटक	स्त्री.	1. रुकावट, बाधा, अड़चन;	আটক, অৱৰোধ, বাধা;	आटक, अवरोध, बाधा;	obstacle, impediment, hindrance, bar, obstruction;
		2. हिचक, संकोच।	ইতস্ততঃ, সংকোচ	इतस्ततः, संकोच	hesitation, doubt.
अटकना	अ. क्रि.	1. चलते-चलते अथवा कोई काम करते-करते रुकना या ठहरना;	ৰৈ যা, আবন্ধ হ;	रै जा, आबद्ध ह;	to halt or stop;
		2. किसी कठिनाई या बाधा के कारण किसी कार्य या क्रिया का रुकना;	লাগি ধৰ, বন্ধ হ;	लागि धर, बन्ध ह;	to get stuck, to be halted or stopped, to be prevented;
		3. उलझना।	আটক হ	आटक ह	to be entangled in.
अटकल	स्त्री.	1. अंदाजा, अनुमान;	আন্দাজ, অনুমান;	आन्दाज, अनुमान;	conjecture, guess, estimate;
		2. गुणदोष का अनुमान या कल्पना करने की शक्ति, पहचान।	বিচাৰশক্তি, বিবেচনা, মত	बिचारशक्ति, बिबेचना, मत	judgement, opinion.
		कमरा, कोठा;			terrace;
		2. एक से अधिक खंडों वाला पक्का मकान।	কেইবামহলীয়া দালান	केइबामहलीया दालान	multi-storeyed house.
अटाला	पुं.	1. ढेर, राशि;	দ'ম ৰাশি, ভৰাল;	द'म राशि, भराल;	heap, pile, mass, store, stock;
		2. असबाब।	মাল-বস্তু, সম্পত্তি, সা-সৰঞ্জাম	माल-बस्तु, सम्पत्ति, सा-सरंजाम	goods, effects, baggage, materials, articles.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अटकलपच्चू	वि.	केवल कल्पना या अनुमान के आधार पर जाना या सोचा-समझा हुआ (फलत ऊटपटांग या बिना सिर-पैर का)।	আন্দাজী, কাল্পনিক, অনিশ্চয়	आन्दाजी, काल्पनिक, अनिश्चय	at random, uncertain, imaginary.
अटकलबाज	वि	जो अटकल में तेज हो।	অনুমান কুশল	अनुमान कुशल	a good guesser, an appraiser.
अटकलबाजी	स्त्री.	अटकल लगाना।	অনুমান, ধাৰণা, কল্পনা	अनुमान, धारना, कल्पना	guess, conjecture, appraisal, indulging in guess work etc.
अटकाना	स. क्रि.	1. रोकना; 2. अडंगा लगाना, बाधा पहुंचाना; 3. किसी के साथ अस्थायी रूप से लगाए रखने के लिए कुछ जोड़ना, बांधना या लगाना।	ৰখা, আটক কৰ, বন্ধ কৰ; বাধা দি, হেঙাৰ ধৰ; (সাময়িক ভাৱে) বান্ধ বা আটক কৰ	रखा, आटक कर, बन्ध कर; बाधा दि, हेडार धर; (सामयिक भावे) बान्ध बा आटक कर	to prevent, to hinder; to obstruct, hinder, impede; to fasten to join temporarily.
अटकाव	पुं.	1. अटकने या अटकाने की क्रिया या भाव; 2. रुकावट, रोक; 3. अड़चन, बाधा।	আটক, বন্ধন, বাধা; বাধা, বন্ধন; প্ৰতিবন্ধক, বাধা	आटक, बन्धन, बाधा; बाधा, बन्धन; प्रतिबन्धक, बाधा	hindrance, prevention; arrest, stop; obstacle, impediment.
अटना(अंटना)	अ. क्रि.	1. पूरा पड़ना, काफी होना; 2. समाना।	পূৰ হ, ভৰ; ধৰ, থ'ব পৰা হ	पूर ह, भर; धर, थ'ब परा ह	to be filled up, to be full; to be contained (in), to come or fit (into).
अटपटा	वि	1. ऊटपटांग, बिना सिर-पैर का, असंबद्ध 2. कठिन, विकट; 3. शरारतपूर्ण (आचरण)।	লাগবান্ধ, নোহোৱা, অসংগত, অসংলগ্ন; কঠিন, টান, জটিল; বেঁকা, ভাঁজ লগা, কপটীয়া, জেৰেপা, অঁহীয়া	लागबान्ध नोहोवा, असंगत, असंलग्न; कठिन, टान, जटिल; बेंका, भाँज लगा, कपटीया, जेरेपा, अँहीया	incongruous, odd; intricate, difficult; crooked, crossgrained, perverse.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अटपटाना	अ. क्रि.	1. अटकना;	ৰৈ যা, বন্ধ হ, লাগি ধৰ;	रै जा, बन्ध ह, लागि धर;	to speak incoherently or at random, to talk nonsense;
		2. लड़खड़ाना;	খোনাই কথা ক খোকোজা লাগ;	खोनाइ कथा क खोकोजा लाग;	to stammer, to stagger;
		3. घबराना;	ব্যাকুল হ, ভয় খা;	व्याकुल ह, भय खा;	to be agitated, or restless, or confused, to be tired;
		4. संकोच करना, हिचकना।	ইতস্ততৰ কৰ, সংকোচ কৰ	इतस्ततः कर, संकोच कर	to vacillate, waver, hesitate.
अटल	वि.	1. अपने स्थान से न हटने वाला, अचल;	অটল, লৰচৰ নোহাৰা, স্থিৰ, স্থায়ী;	अटल, लरचर, नोहोवा, स्थिर, स्थायी;	immovable, fixed;
		2. दृढ़, पक्का, अपरिवर्तनीय;	দৃঢ়, অপৰিবৰ্ত্তনীয়;	दृढ़, अपरिबर्त्तनीय;	firm, resolute, unchangeable;
		3. अवश्यंभावी, निश्चित;	অবশ্যম্ভাৱী, অনিবাৰ্য্য;	अवश्यम्भावी, अनिवार्ज्य;	not to be averted, avoided or escaped;
		4. नित्य।	নিত্য, নিগাজী, চিৰস্থায়ী	नित्य, निगाजी, चिरस्थायी	permanent, stationary.
अटवी	स्त्री.	जंगल, वन।	বন, জংঘল, হাবি	बन, जंघल, हाबि	forest, wilderness.
अटाटूट	वि.	1. बेशुमार;	অসংখ্য, অসীম;	असंख्य, असीम;	unlimited, numberless;
		2. अत्यधिक।	অত্যধিক, অতিপাত, অতিশয়	अत्यधिक, अतिपात्, अतिशय	excessive, very much.
	क्रि. वि.	एकदम से।	হঠাতে, অকস্মাত্, আচম্বিতে	हठाते, अकस्मात, आचम्बिते	suddenly, all of a sudden.
अटारी	स्त्री.	1. घर के ऊपरवाला कमरा, कोठा;	কোঠা, খোঁটালী;	कोठा, खोंटाली;	garret room, terrace;
		2. एक से अधिक खंडों वाला पक्का मकान।	কেইবামহলীয়া দালান	केइबामहलीया दालान	multi-storeyed house.
अटाला	पुं.	1. ढेर, राशि;	দ'ম ৰাশি, ভৰাল;	द'म राशि, भराल;	heap, pile, mass, store, stock;
		2. असबाब।	মাল-বস্তু, সম্পত্তি, সা-সৰঞ্জাম	माल-बस्तु, सम्पत्ति, सा-सरंजाम	goods, effects, baggage, materials, articles.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अटूट	वि.	1. जिसका क्रम बीच में न टूटे, अखंडित; 2. बहुत अधिक; 3. जो तोड़ा या फोड़ा न जा सके।	অটুট, নভঙা, অখন্ডিত; অতি বেচি প্ৰচুৰ; অবিনাশী, অখন্ডনীয়	अटुट, नभडा, अखन्डित; अति बेचि, प्रचुर; अबिनाशी, अखन्डनीय	unbreakable, firm; abundant; indestructible.
अटेरन	पुं.	लकड़ी का एक चौखटा जिस पर सूत लपेट कर उसकी आंटी या लच्छी बनाई जाती है।	চেৰেকী, লেটাই	चेरेकी, लेटाइ	reel or skein of thread.
अट्टहास	पुं.	खूब जोर की हंसी, ठहाका।	অট্টহাস্য, ঢেকঢেকনি	अट्टहास्य, ढेकढेकनि	loud laughter, a horse laugh.
अट्टालिका	स्त्री.	1. महल; 2. बड़ा और ऊंचा मकान।	অট্টালিকা, কাৰেং; কেইবামহলীয়া ঘৰ, দালান	अट्टालिका, कारें; केइबामहलीया घर, दालान	palace; house of two or more storeys, high house.
अट्ठाईस	वि.	जो गिनती में बीस और आठ हो (28)।	আঠাইশ	आठाइश	twenty-eight.
अट्ठानवें	वि.	जो गिनती में नब्बे और आठ हो (98)।	আঠানুবৈ	आठान्नबै	ninety-eight.
अट्ठारह (अठ्ठारह)	वि.	जो गिनती में दस और आठ हो (18)।	ওঠৰ	ओठर	eighteen.
अट्ठावन	वि.	जो गिनती में पचास और आठ हो (58)।	আঠাৱন	आठावन	fifty-eight.
अट्ठासी (अठ्ठासी)	वि.	जो गिनती में अस्सी और आठ हो (88)।	অষ্টাশী	अष्टाशी	eighty-eight.
अठखेली	स्त्री.	1. अल्हड़पन, मस्ती और विनोद से भरी चंचलता, चुलबुलापन; 2. उक्त चंचलता के कारण दूसरों से की जाने वाली छेड़छाड़, किलोल।	চঞ্চলতা, ৰং-ধেমালি, চপলতা; আনন্দ-উল্লাস, হাঁহি-খিকিন্দালি	चंचलता, रं-धेमालि, चपलता; आनन्द-उल्लास, हाँहि-खिकिन्दालि	playfulness; merriment.
अठन्नी	स्त्री.	आठ आने का सिक्का।	(পুৰণি) আধলি	(पुरणि) आधलि	half-rupee coin.
अठवारा	पुं.	आठ दिन का समय; सप्ताह।	আঠদিন সময়ৰ গোট, আঠদিন	आठदिन समयर गोट, आठदिन	period of eight days, week.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अठहत्तर (अठत्तर)	वि.	जो गिनती में सत्तर और आठ हो (78)।	আঠসত্তৰ	आठसत्तर	seventy-eight.
अडंगा	पुं.	1. अटकाव, रोक, रुकावट, बाधा; 2. कुश्ती का एक दांव जिसमें प्रतिद्वन्द्वी को गिराने के लिए उसकी टांगों में अपनी टांग फंसाई जाती है; 3. छत,खपरैल आदि को रोकने के लिए उसके नीचे लगाई जाने वाली लकड़ी, रोक।	বাধা, বিঘিনি, প্ৰতিবন্ধক; মালযুঁজ, বিপক্ষজনৰ ভৰি নিজৰ ভৰিৰে মোটোকাই ধৰা বান্ধ; ঠেকা, ঢোকা, ভেজা	बाधा, बिघिनि, प्रतिबन्धक; मालजुँज, बिपक्षजनर भरि निजर भरिरे मोटोकाइ धरा बान्ध; ठेका, ढोका, भेजा	obstacle, hindrance; entangling the legs so as to trip (in wrestling); prop, support.
अडंगेबाज	वि.	दूसरों के काम में अडंगा लगाने या रुकावट डालने वाला।	বাধাদিওঁতা, প্ৰতিবন্ধক জন্মাওঁতা	बाधादिओंता, प्रतिबन्धक जन्माओंता	obstructionist.
अड़	पुं.	1. जिद्द, दृढ़ हठ; 2. अड़चन,बाधा।	জিদ, আমঠালি; বাধা, বিঘিনি, সংকট	जिद, आमठालि; बाधा, बिघिनि, संकट	obstinacy; impediment, difficulty.
अड़चन	स्त्री.	रुकावट,बाधा।	বাধা	बाधा	obstacle.
अड़तालीस	वि.	जो गिनती में चालीस और आठ हो (48)।	আঠচল্লিশ	आठचल्लिश	forty-eight.
अड़तीस	वि.	जो गिनती में तीस और आठ हो (38)।	আঠত্ৰিশ	आठत्रिश	thirty-eight.
अड़ना	अ. क्रि.	1. हठ करना; 2. बीच में रुकना या फंसना।	বিবাদ কৰ, কাজিয়া কৰ; খুন্দা খা, ঠেকা খা, সংঘৰ্ষ হ	बिबाद कर, काजिया कर; खुन्दा खा, ठेका खा संघर्ष ह	to wrangle, contend; to come into collision, become interlocked (as the wheels of vehicles), to come to stop or stand still.
अड़सठ	वि.	जो गिनती में साठ और आठ हो (68)।	আঠষষ্ঠী	आठषष्ठि	sixty-eight.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अड़ाना	स. क्रि.	(किसी का मार्ग या गति) रोकने के लिए बीच में कुछ लगाना, अटकाना; 2. ठूंसना; 3. बाधा या विघ्न उपस्थित करना।	গতিৰোধ কৰ, উন্নতিত বাধা দি, বন্ধ কৰ; ঠাই খুৱা, ভৰা; বাধা দি, গতিৰোধ কৰ	गतिरोध कर, उन्नतित बाधा दि, बन्ध कर; ठाइ खुवा, भरा; बाधा दि, गतिरोध कर	to bar progress, to make to stop; to ram, thrust, shove, push; to obstruct, impede, check.
अडिग	वि.	जो अपनी जगह या बात से न हटे, अचल, अटल।	অলৰ-অচৰ, স্থিৰ, দৃঢ়	अलर-अचर, स्थिर, दृढ़	firm, immovable, steady.
अड़ियल	वि.	1. चलते समय बीच में रह रह कर अड़ने या रुकने वाला;	থমকি থমকি ৰোৱা (ঘোঁৰা);	थमकि थमकि रोवा (घोंरा);	mulish, gibbing (horse);
		2. हठी, जिद्दी।	জিদ্দী	जिद्दी	obstinate, headstrong.
अड़ी	स्त्री.	1. ऐसी स्थिति जिसमें आगे बढ़ना कठिन हो; 2. बाधा, रुकावट: 3. जिद, हठ।	জৰুৰী অবস্থা, মৃৰামৃৰি অবস্থা; বাধা, হেঙাৰ; জিদ, আঁকোৰগজালি	जरुरी अवस्था, मूरामूरि अवस्था; बाधा, हेडार; जिद, आँकोरगोजालि	exigency, critical situation; obstruction; obstinacy.
अड़ोस-पड़ोस	पुं.	आसपास, पास-पड़ोस।	কাষ, ওচৰ-চুবুৰি	काष, ओचर-चुबुरि	vicinity, neighbourhood.
अड़ोसी-पड़ोसी	पुं.	पास पड़ोस में रहनेवाले।	ওচৰ চুবুৰীয়া	ओचर चुबुरीया	neighbours.
अड्डा	पुं.	1. टिकने, ठहरने या बैठने का स्थान; 2. वह स्थान जहां कुछ लोग टिककर बैठते और अपना काम करते हैं;	আড্ডা, ৰোৱা বা অপেক্ষা কৰা ঠাই; ঘাই ঠাই, শিবিৰ, চকী;	आड्डा, रोवा बा अपेक्षा करा.ठाइ; घाइ ठाइ, शिबिर चकी;	place for halt or stoppage, stand; base;
		3. किसी वर्ग के लोगों, सवारियों आदि के इक्ट्ठे होने का स्थान।	গোট খোৱা ঠাই, খলি	गोट खोवा ठाइ, खलि	place of assembly, resort.
अढाई	वि.	जो संख्या में दो और आधा हो, ढाई।	আঢ়ৈ	आढ़ै	two and a half
अणु	पुं.	1. किसी तत्व या धातु का वह बहुत छोटा	অণু, কণ, কণিকা;	अणु, कण, कणिका,	atom;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		टुकड़ा या अंग जिसमें उसके सभी संयोजक अंश वर्तमान हों;			
		2. अत्यन्त सूक्ष्म मात्रा या वस्तु;	ক্ষুদ্ৰ বা সূক্ষ্ম কণা, কণিকা;	क्षुद्र बा सूक्ष्म कणा, कणिका;	minute particle, molecule;
		3. अत्यन्त सूक्ष्म मात्रा।	ক্ষুদ্ৰতম কণিকা	क्षुद्रतम कणिका	the smallest perceptible quantity.
अणुबम	पुं.	एक प्रकार का बम जिसमें रासायनिक क्रियाओं द्वारा अणु का विस्फोट होता है तथा जिसके फलस्वरूप भीषण और व्यापक संहार होता है।	পৰমাণুবোমা	परमाणुबोमा	atom bomb.
अणुवाद	पुं.	1. वह दर्शन जिसमें जीव या आत्मा को अणु माना गया हो;	পৰমাণুবাদ, অণু সম্বন্ধীয় দাৰ্শনিক মতবাদ;	परमाणुबाद, अणु सम्बन्धीय दार्शनिक मतबाद;	the doctrine of atoms, the theory that all material substances are primarily atoms and secondarily aggregates and that all atoms are eternal;
		2. वैशेषिक दर्शन।	বৈশাষিক দৰ্শন	बैशाषिक दर्शन	the Vaisheshik system of Hindu philosophy which regards soul as an atom.
अणुव्रत	पुं.	जैन धर्म के अनुसार गृहस्थ के मूल व्रत।	জৈনধৰ্ম্মৰ বাৰদক্ষীয়া শপথ বা পালিবলগীয়া নিয়ম	जैनधर्म्मर बारदक्षीया शपथ बा पालिबलगीया नियम	name of the (twelve) small duties or vows of the layman adhering to the Jain faith.
अतः	क्रि. वि.	इसलिए, इस कारण।	এই কৰণে, এতেকে	एइ करणे, एतेके	hence, therefore.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अतएव	क्रि. वि.	1. इसलिए, इस कारण; 2. इसीलिए, इसी कारण।	সেই কাৰণে; এই কাৰণে	सेइ कारणे; एइ कारणे	therefore; for this very reason.
अतप्त	वि.	जो तप्त या गर्म न हो।	গৰম নোহোৱা, চেঁচা	गरम नोहोवा, चेंचा	not heated, cool.
अतर (इत्र)	पुं.	फूलों का आसवन करके तैयार हुआ एक सुगंधित तरल पदार्थ, पुष्पसार, इत्र।	আতৰ, সুগন্ধী	आतर, सुगन्धी	perfume, essence, scent (of flowers).
अतल	वि.	1. तलहीन· 2. अथाह।	অতল, তলি নোহাৱা; অগাধ, আথাউনি, তলানলা বুজি নোপোৱা	अतल, तलि नोहोवा, अगाध, आथाउनि, तलानला बुजि नोपोवा	bottomless; very deep, unfathomable.
अतार (अत्तार)	पुं.	1. इत्र या सुगंधित तेल आदि बनाने या बेचने वाला; 2. यूनानी दवाएं बनाने और बेचने वाला।	আতৰ বা গোন্ধ তেল বেচোঁতা; ঔষধ তৈয়াৰকৰোঁতা বা বেচোঁতা	आतर बा गोन्ध तेल बेचोंता; औषध तैयारकरोंता बा बेचोंता	a seller of perfumes, perfumer, an apothecary; a druggist.
अति	स्त्री.	मर्यादा या सीमा का उल्लंघन करने वाली अधिकता, अतिशयता, अतिरेक।	অতিৰিক্ত, অতিশয় বেচি	अतिरिक्त, अतिशय बेचि	excess.
	उप.	एक उपसर्ग जो संज्ञा के पूर्व आने पर अतिशयता, सीमोल्लंघन, श्रेष्ठता, प्रशंसा आदि का और विशेषण तथा अंव्यय के पूर्व आनें पर आधिक्य का सूचन करता है।	উপ–(এটা উপসৰ্গ)	उप–(एटा उपसर्ग)	a prefix used with adjectives and adverbs, expressing the sense of beyond, over or at the top of.
अतिक्रमण (अतिक्रम)	पुं.	1. उचित मर्यादा या नियत सीमा से आगे बढ़ना; 2. अपने अधिकार, कार्य-क्षेत्र आदि की सीमा पार कर के ऐसी जगह पहुंचना जहां जाना या रहना अनुचित अवैध या मर्यादाविरुद्ध हो सीमा का अनुचित उल्लंघन।	সীমা চেৰাই যোৱা; নিয়ম লংঘন, বিধিভংগ	सीमा चेराइ ज़ोवा; नियम लंघन, बिधिभंग	overstepping; violation, transgression.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अतिक्रांत	वि.	1. जिस का अतिक्रमण या उल्लंघन किया गया हो;	সীমা পাৰ হৈ যোৱা, পাৰ হোৱা;	सीमा पार है जोवा, पार होवा;	transgressed, surpassed;
		2. बीता हुआ, अतीत।	অতীত, পৰা হৈ যোৱা	अतीत, परा है जोवा	past, gone beyond.
अतिचार	पुं.	1. औचित्य, सीमा या मर्यादा का उल्लंघन, अतिक्रमण;	অতিচাৰ, বঢ়া, চৰা;	अतिचार, बढ़ा, चरा;	surpassing;
		2. अपने अधिकार या अधिकृत सीमा के बाहर अनुचित रूप से अपने सुख-सुभीते के लिए इस प्रकार आगे बढ़ना कि दूसरे के अधिकार या सुभीते में बाधा पहुंचे।	ঔচিত্য বা অধিকাৰৰ সীমা পাৰ হৈ যোৱা	औचित्य बा अधिकारर सीमा पार है जोवा	transgression.
अतिचारी	वि.	1. अतिचार या अतिक्रमण करने वाला;	অতিচাৰী, অতিচাৰ কৰোঁতা;	अतिचारी, अतिचार करोंता;	surpassing;
		2. सीमा का अनुचित रूप से उल्लंघन करने वाला	অনুচিতভাৱে সীমা লংঘন কৰোঁতা	अनुचितभावे सीमा लंघन करोंता	transgressing.
अतिथि	पुं.	अभ्यागत, मेहमान।	অতিথি, আলহী	अतिथि, आलही	guest, newcomer.
अतिथि-सत्कार	पुं.	अतिथि की आवभगत और सेवा-सत्कार।	অতিথি সত্কাৰ, অতিথি সেৱা	अतिथि सत्कार, अतिथि सेवा	hospitality, hospitable reception of guests.
अतियथार्थ-वाद	पुं.	कला और साहित्य के क्षेत्र में एक आधुनिक सिद्धांत जिसमें सर्वमान्य भौतिक तथा मानवीय सिद्धांतों की उपेक्षा करके अवचेतन या उपचेतन के सहारे कोरे काल्पनिक तथा स्वप्निक क्षेत्रों की बातों को सब कुछ मान कर उन्हींके आधार पर जीवन की विकृत दशाओं का चित्रण किया जाता है।	অতিযথাৰ্থবাদ, ছাৰ-ৰিয়ালিজ্‌ম্‌	अतिजथार्थबाद, छार-रियालिज़्म्	sur-realism.
अतियथार्थ-वादी	वि.	अतियथार्थवाद संबंधी, अतियथार्थवाद का।	অতিযথাৰ্থবাদ সম্বন্ধীয়	अतिजथार्थबाद सम्बन्धीय	sur-realistic.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
	पुं.	वह जो अतियथार्थवाद का अनुयायी, पोषक या समर्थक हो।	অতিযথাৰ্থবাদী	अतिजथार्थबादी	sur-realist.
अतिरंजन	पुं.	बढ़ाचढ़ा कर कहना।	অত্যুক্তি, অতিৰঞ্জন	अत्युक्ति, अतिरंजन	exaggeration.
अतिरंजित	वि.	बढ़ाचढ़ा कर कहा हुआ।	বৰকৈ ৰহণ সনা	बरकै रहण सना	exaggerated.
अतिरिक्त	वि.	1. साधारणतः जितना होना हो या होना चाहिए उससे अधिक;	অতিৰিক্ত;	अतिरिक्त;	additional, extra;
		2. जितना काम में आता हो या आया हो उससे अधिक;	ওপৰঞ্চি, উপৰুৱা	ओपरंचि, उपरुवा;	redundant, excessive;
		3. आवश्यकतावश बाद में जोड़ा या बढ़ाया गया;	উপৰুৱা, বাজে, ওপৰঞ্চি;	उपरुवा, बाजे, ओपरंचि;	in addition, moreover;
		4. पृथक, भिन्न।	পৃথক, ভিন্ন	पृथक, भिन्न	besides, except, other than.
अतिरेक	पुं.	1. आवश्यकता से अधिक होने की अवस्था, गुण या भाव, आधिक्य;	অৱশিষ্ট, ওপৰঞ্চি আগলিকা;	अवशिष्ट, ओपरंचि, आगलिका;	excess, surplus;
		2. अनावश्यक, अनुपयुक्त या व्यर्थ की अधिकता।	আতিশয্য, বাহুল্য, অনাৱশ্যকতা	आतिशज़्य, बाहुल्य, अनावश्यकता	redundancy.
अतिवाद	पुं.	1. किसी विषय में औचित्य की सीमा से बहुत आगे बढ़ जाने का अभ्यास या सिद्धांत जो आतुरता, उग्रता आदि का सूचक है;	অতিবাদ, অত্যুক্তি, অতিৰঞ্জন;	अतिबाद, अत्युक्ति, अतिरंजन;	exaggeration;
		2. राजनीतिक, सामाजिक आदि क्षेत्रों में यह मत या सिद्धांत कि चाहे जैसे हो, सभी प्रकार के दोष अभी दूर कर दिए जाएं।	উগ্ৰপন্থা	उग्रपन्था	extremism.
अतिवादी	वि.	अतिवाद का, अतिवाद संबंधी।	উগ্ৰপন্থী	उग्रपन्थी	extremist.
	पुं.	अतिवाद के सिद्धांत का अनुयायी।	উগ্ৰপন্থী	उग्रपन्थी	extremist.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अतिवृष्टि	स्त्री.	इतनी अधिक वर्षा जो खेती आदि को नुकसान पहुंचाने वाली हो।	অতিবৃষ্টি, দপ্‌দপীয়া বৰষুণ	अतिबृष्टि, दपदपीया बरषुण	excessive or heavy rain.
अतिशय	वि.	बहुत अधिक।	অতিশয়, অতিবেচি, অতিপাত	अतिशय, अतिबेचि, अतिपात	excessive, abundant.
	पुं.	अधिकता, अतिरेक।	অধিকতা, আধিক্য,	अधिकता, आधिक्य	excess, abundance.
अतिशयता	स्त्री.	परम अधिकता।	অতিশয়তা, অত্যন্ত বেচি অৱস্থা	अतिशयता, अत्यन्त बेचि अवस्था	excessiveness, abundance.
अतिशयोक्ति	स्त्री.	1. बहुत बढ़ाचढ़ा कर कही हुई बात, अतिरंजना;	অতিৰঞ্জন;	अतिरंजन;	exaggeration;
		2. एक अर्थालंकार जिसमें किसी वस्तु का बहुत अधिक बढ़ाचढ़ा कर वर्णन किया जाता है।	অতিশয়োক্তি	अतिशयोक्ति	hyperbole.
अतिसार	पुं.	दस्त या आंत की बीमारी।	অতিসাৰ, ভেদ	अतिसार, भेद	diarrhoea, dysentery.
अतींद्रिय	वि.	जिसका ज्ञान इंद्रियों से नहीं हो सकता हो।	অতীন্দ্ৰিয়, ইন্দ্ৰিয়ৰ অগোচৰ	अतीन्द्रिय, इन्द्रियर अगोचर	beyond the cognizance (reach) of the senses.
अतीत	पुं.	भूतकाल।	ভূত, অতীত	भूत, अतीत	past.
	वि.	1. बीता हुआ;	সীমাৰ বাহিৰত, পূৰ্ব্বে হৈ যোৱা;	सीमार बाहिरत, पूर्वे है जोवा;	gone beyond, past;
		2. माया-मोह आदि से रहित।	মায়ামোহ নোহোৱা, উদাসীন	मायामोह नोहोवा उदासीन	free from or devoid of worldly attachment.
अतीव	वि.	1. बहुत अधिक; 2. बढ़ाचढ़ा।	অত্যন্ত, অতিশয়; অতিবেচি, অতিৰিক্ত	अत्यन्त, अतिशय; अतिबेचि, अतिरिक्त	excessive; exceeding.
अतुल	वि.	1. जिसकी तौल-माप या अनुमान न हो सके, अमित, असीम;	অতুলনীয়, অনুপম, অতুল;	अतुलनीय, अनुपम, अतुल;	immeasurable, incalculable;
		2. बहुत अधिक;	অত্যধিক, অগণন;	अत्यधिक, अगणन;	very great;
		3. तुलनारहित।	অতুলনীয় অনুপম	अतुलनीय, अनुपम	matchless, incomparable.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अतुलनीय	वि.	1. जिसकी तुलना या बराबरी न की जा सके, बेजोड़ ;	অতুলনীয়, অনুপম;	अतुलनीय, अनुपम;	incomparable;
		2. अपरिमित; असीम।	অপৰিসীম, অসীম, অনন্ত	अपरिसीम, असीम, अनन्त	limitless.
अतुलित	वि.	1. अपरिमित;	অসীম, অপৰিমিত;	असीम, अपरिमित;	boundless;
		2. असंख्य;	অসংখ্য;	असंख्य;	innumerable;
		3. अनुपम, बेजोड़;	অতুলনীয়;	अतुलनीय;	incomparable;
		4. बिना तोला हुआ।	নোজোখা	नोजोखा	not weighed.
अतुल्य	वि.	1. अनुपम, बेजोड़;	অতুল্য, অতুলনীয়;	अतुल्य, अतुलनीय;	incomparable;
		2. जो तुल्य न हो, असमान।	অসম, তুলনাৰ অতীত	असम, तुलनार अतीत	matchless, unequalled.
अतृप्त	वि.	जो तृप्त न हुआ हो, जिसका मन अभी न भरा हो, असंतुष्ट।	অতৃপ্ত, অসন্তুষ্ট	अतृप्त, असन्तुष्ट	unsatisfied.
अतृप्ति	स्त्री.	अतृप्त होने की अवस्था या भाव, असंतोष।	অতৃপ্তি, অসন্তোষ্টি	अतृप्ति, असन्तोष्टि	unsatisfied condition, insatiability.
अत्यंत	वि.	1. बहुत अधिक, अत्यधिक;	অত্যন্ত, অতি বেচি;	अत्यन्त, अति बेचि;	very, very much, excessive;
		2. जो उचित अंत या सीमा से बहुत बढ़ा हुआ हो।	অত্যধিক, সীমাহীন, অত্যন্ত	अत्यधिक, सीमाहीन, अत्यन्त	beyond the proper end or limit.
अत्याचार	पुं.	1. आचार का अतिक्रमण;	অত্যাচাৰ, নিয়ম লংঘন;	अत्याचार, नियम लंघन;	deviation from prescribed observances;
		2. किसी को सताने या कष्ट देने के लिए किया जाने वाला व्यवहार, जुल्म, उत्पीड़न, अन्याय।	অত্যাচাৰ, জুলুম উত্পাত	अत्याचार, जुलुम, उत्पात	tyranny, oppression, unjust behaviour.
अत्याचारी	वि.	1. अत्याचार करने वाला;	অত্যাচাৰী;	अत्याचारी;	one transgressing the prescribed observances;
		2. दूसरों को कष्ट पहुंचाने वाला, जालिम, उत्पीड़क।	স্বেচ্ছাচাৰী, উত্পীড়ক	स्वेच्छाचारी, उत्पीड़क	tyrant, despot.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अत्याज्य	वि.	जिस को छोड़ना उचित न हो, जो छोड़ा ना जा सके।	ত্যাগকৰিব নলগীয়া	त्यागकरिब नलगीया	not fit to be abandoned.
अत्युक्ति	स्त्री.	1. बहुत अधिक बढ़ाचढ़ा कर कही हुई बात, अतिरंजित बात;	অত্যুক্তি, অতিৰঞ্জিত কথা;	अत्युक्ति, अतिरंजित कथा;	exaggeration, excessive talking;
		2. एक अलंकार जिसमें किसी की उदारता, यश, वीरता आदि का अतिरंजित वर्णन किया जाता है।	অত্যুক্তি	अत्युक्ति	hyperbole.
अथक	वि.	1. जिसमें थकावट या रुकावट न आई हो;	অক্লান্ত, ভাগৰি নপৰা;	अक्लान्त, भागरि नपरा;	;unwearied;
		2. जो कभी न थके, अश्रान्त।	অশ্ৰান্ত, ভাগৰহীন	अश्रान्त, भागरहीन	tireless.
अथवा	अव्य.	एक अनुकल्पवाचक अव्यय जो यह सूचित करता है कि कही हुई दो या दो से अधिक बातों, वस्तुओं आदि में से कोई एक ली जानी चाहिए, या, वा।	অথবা বা নাইবা	अथवा बा नाइबा	or (when repeated) either or, or rather, or perhaps.
अथाह	वि.	1. बहुत गहरा, अगाध;	অগাধ, আথাউনি	अगाध, आथाउनि	bottomless, very deep, unfathomable;
		2. अपार, बेहिसाब;	অপাৰ, সীমাহীন;	अपार, सीमाहीन;	immeasurable, beyond limit;
		3. अगम्य	পাৰ হ'ব নোৱৰা	पार ह'ब नोवरा	unfordable.
अदंडनीय	वि.	1. जो दंड पाने के योग्य न हो, अदंड्य;	অদন্ডনীয়;	अदण्डनीय;	not deserving punishment;
		2. दंडमुक्त।	দন্ডৰহিত, দন্ডৰ পৰা মুক্ত	दण्डरहित, दण्डर परा मुक्त	exempt from punishment.
अदद	पुं.	गिनती के काम के लिए कोई पृथक और स्वतंत्र इकाई।	সংখ্যা, সংখ্যা বুজোৱা চিন, অংক	संख्या, संख्या बुजोवा चिन, अंक	number, figure.
अदब	पुं.	1. बड़ों का आदर-सम्मान;	মান, সম্মান, সম্ভ্ৰম;	मान, सम्मान, सम्भ्रम;	respect;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. विनय, शिष्टाचार।	শিষ্টাচাৰ, ভদ্ৰ ব্যৱহাৰ	शिष्टाचार, भद्र व्यवहार	etiquette, good manners.
अदम्य	वि.	1. जिसका दमन न हो सके;	অদম্য, দমন কৰিব নোৱৰা;	अदम्य, दमन करिब नोवरा;	that which cannot be subdued, untamable;
		2. उत्कट, प्रचंड, प्रबल।	উত্কট, প্ৰচন্ড, প্ৰবল	उत्कट, प्रचण्ड, प्रवल	indefatigable.
अदरक	पुं.	एक छोटा पौधा जिसकी जड़ तीक्ष्ण और चटपटी होती है और जो मसाले की तरह खाद्य पदार्थों में डाली जाती है, आदी।	আদা	आदा	green ginger (Amomum zinziber).
अदर्शन	पुं.	1. दर्शन का अभाव, दिखाई न देना; 2. लोप, नाश।	দেখা নোপোৱা, দৃষ্টিৰ অগোচৰ; লোপ, নাশ, অন্তৰ্দ্ধান	देखा नोपोवा, दृष्टिर अगोचर; लोप, नाश, अन्तर्द्धान	non-vision, not seeing; disappearance, destruction.
अदलबदल	पुं.	हेरफेर, परिवर्तन।	পৰিৱৰ্তন, অদল-বদল, সাল-সলনি	परिवर्त्तन, अदल-वदल, साल-सलनि	interchange, change, exchange.
अदवान (अदवाइन)	स्त्री.	चारपाई के पैताने की रस्सी।	খাটিয়াত কোণীয়াকোণীকৈ বন্ধা জৰী	खाटियात कोणीयाकोणीकै बन्धा जरी	the strings at the foot of a bedstead by which the cross strings are tightened or braced.
अदहन	पुं.	दाल, चावल आदि पकाने के लिए आग पर चढ़ाकर गरम किया जाने वाला पानी	দাইল-ভাত ৰান্ধিবলে তপতোৱা পানী	दाइल-भात रान्धिबले तपोतरा पानी	water set to boil for the dressing of victuals.
अदा	स्त्री.	1. हाव-भाव, मोहक अंगभंगी या चेष्टा; 2. ढंग।	মোহনীয় অংগীভংগী; ধৰণ, পদ্ধতি	मोहनीय अंगीभंगी; धरण, पद्धति	amorous signs and gestures; manner.
	वि.	1. चुकता किया हुआ; 2. पालन या संपन्न किया हुआ।	আদায় কৰা; সম্পন্ন কৰা	आदाय करा; सम्पन्न करा	paid; performed, done, complied with.
अदायगी	स्त्री.	भुगतान, चुकता करना।	ধাৰ, পৰিশোধ, সমাধা	धार, परिशोध, समाधा	payment of money, fulfilment.
अदायाद	वि.	1. जो सपिंड या सगोत्र न हो;	সগোত্ৰ নোহোৱা;	सगोत्र नोहोवा;	not entitled to be an heir;
		2. जो उक्त कारण से संपत्ति का उत्तराधिकारी न हो सके।	উত্তৰাধিকাৰী স্বত্বহীন লোক	उत्तराधिकारी स्वत्त्वहीन लोक	non-heir.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अदालत	स्त्री.	न्यायालय।	আদালত, ন্যায়ালয়	आदालत, न्यायालय	court of justice.
अदालती	वि.	1. न्यायालय संबंधी;	ন্যায়ালয় সম্বন্ধীয়;	न्यायालय सम्बन्धीय;	pertaining to a court;
		2. न्यायालय में या न्यायालय की ओर से होने वाला।	আইন বিষয়ক, বিধি সম্বন্ধীয়	आइन बिषयक, बिधि सम्बन्धीय	judicial, legal.
अदावत	स्त्री.	1. वैर, शत्रुता;	শত্ৰুতা, বৈৰিতা;	शत्रुता, वैरिता;	enmity, hatred, hostility;
		2. द्वेष।	দ্বেষ, আখেজ	द्वेष, आखेज	malice.
अदूरदर्शी	वि.	जो दूर तक की बात न सोच सके।	অদূৰদৰ্শী	अदूरदर्शी	short-sighted.
अदृश्य	वि.	1. जो दिखाई न दे;	অদৃশ্য, লুকাই থকা;	अदृश्य, लुकाइ थका;	invisible, latent;
		2. जो देखा न जा सके;	দৃষ্টিৰ অগোচৰ;	दृष्टिर अगोचर;	not capable of being seen;
		3. लुप्त, गायब।	লুপ্ত, অদৃশ্য	लुप्त, अदृश्य	disappeared.
अदृष्ट	वि.	1. न देखा हुआ;	নেদেখা;	नेदेखा;	unseen;
		2. अदृश्य;	অদৃশ্য;	अदृश्य;	invisible;
		3. अज्ञात, अननुभूत।	অজ্ঞাত, অজানিত	अज्ञात, अजानित	unforeseen.
	पुं.	भाग्य, प्रारब्ध।	ভাগ্য, দুৰ্ভাগ্য, অদৃষ্ট	भाग्य, दुर्भाग्य, अदृष्ट	destiny, fate, luck, bad luck.
अदृष्टपूर्व	वि.	1. जो पहले न देखा गया हो;	আগেয়ে নেদেখা;	आगेये नेदेखा;	never seen before;
		2. अद्भुत, विलक्षण।	অদ্ভুত, অসামান্য,	अद्भुत, असामान्य	extraordinary.
अदृष्टवाद	पुं.	वह सिद्धांत या वाद जिसमें पाप पुण्य आदि का फल परलोक में मिलना माना जाता है।	অদৃষ্টবাদ, ভাগ্যবাদ	अदृष्टवाद, भाग्यवाद	fatalism.
अद्धा	पुं.	1. किसी वस्तु का आधा अंश, तोल या नाप;	আধা;	आधा;	half, half measure;
		2. वह बोतल जो पूरी बोतल की आधी हो;	আধা পইন্টৰ বটল;	आधा पइण्टर बटल;	half pint bottle;
		3. आधा बोतल शराब।	আধা বটল মদ	आधा बटल मद	half bottle of wine.
अद्भुत	वि.	विचित्र, अनोखा, विस्मयजनक, आश्चर्यजनक।	অদ্ভুত, বিচিত্ৰ, বিস্ময়জনক	अद्भुत, बिचित्र, बिस्मयजनक	strange, curious, wonderful, marvellous.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अद्भुत रस	पुं.	काव्य के नौ रसों में से एक जिसका स्थायी भाव विस्मय है।	(কাব্যৰ) অদ্ভুত ৰস	(काव्यर) अद्भुत रस	sentiment of wonder-one of the nine rasas in Indian literature.
अद्यतन	वि.	आज का, आज से संबंध रखने वाला।	আজিকালিৰ, বৰ্ত্তমানৰ, আধুনিক	आजिकालिर, वर्त्तमानर, आधुनिक	extending over or referring to to-day, modern, uptodate.
अद्वितीय	वि.	जिसके जोड़ या बराबरी का कोई दूसरा न हो, बेजोड़, अनुपम।	অদ্বিতীয়, অনুপম	अद्वितीय, अनुपम	without a second, sole, unique, matchless.
अद्वैत	पुं.	1. जिसमें द्वैत या भेद का अभाव हो;	অদ্বৈত, দ্বৈত বা ভেদ ভাৱৰহিত;	अद्वैत, द्वैत बा भेद भाव रहित;	destitute of duality, having no duplicate, peerless;
		2. जीवन और ब्रह्म या जड़ और चेतन की एकता।	আত্মা-পৰমাত্মা, জীৱ-ব্ৰহ্মৰ অভিন্ন ভাৱ	आत्मा-परमात्मा, जीव-ब्रह्मर अभिन्न भाव	identity of Brahm or of Paramatman or Supreme Soul with the Jivatman or human soul, identity of spirit and matter.
अद्वैतवाद	पुं.	वेदान्त का वह सिद्धांत जिसमें जीव और ब्रह्म को एक माना जाता है और ब्रह्म के सिवा शेष सब वस्तुओं या तत्त्वों की सत्ता अवास्तविक या असत्य मानी जाती है।	অদ্বৈতবাদ	अद्वैतबाद	monism.
अधःपतन	पुं.	1. नीचे की ओर गिरना;	অধঃপতন;	अधःपतन;	downfall;
		2. पतन, अधोगति, अवनति;	পতন, ধ্বংস;	पतन, ध्वंस;	ruin;
		3. दुर्गति, दुर्दशा।	দুৰ্গতি, দুৰ্দশা	दुर्गति, दुर्दशा	ill-luck, misfortune.
अधकचरा	वि.	1. अपक्व;	আধা পকা;	आधा पका;	half baked, half ripe;
		2. अधूरा;	অপৰিণত, আপঁইৰ্তা;	अपरिणत, आपँइता;	immature;
		3. आधा कूटा या आधा पीसा हुआ।	আধা কটা বা আধা খুন্দা	आधा कटा बा आधा खुन्दा	half dressed (victuals).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अधकरी	स्त्री.	मालगुजारी, किराये आदि की आधी किस्त।	কৰ বা মাচুলৰ আধা কিস্তি	कर वा माचुलर आधा किस्ति	an instalment of fifty paise in a rupee.
अधखिला	वि.	अर्धविकसित।	আধা ফুলা	आधा फुला	half bloomed.
अधजला	वि.	आधा जला हुआ।	আধা পোৰা, আধা জ্বলা	आधा पोरा, आधा ज्वला	half burnt.
अधपका	वि.	जो अभी आधा ही पका हो, पूरी तरह से न पका हुआ।	আধাপকা, আধাসিজা	आधापका, आधासिजा	half-ripe, half cooked, half baked.
अधम	वि.	1. नीच, निकृष्ट, निम्न कोटि का;	নিকৃষ্ট, নীচ, নিম্ন;	निकृष्ट, नीच, निम्न:	mean, vile, low;
		2. दुष्ट;	দুষ্ট, অধম, পাপিষ্ঠ;	दुष्ट, अधम, पापिष्ठ;	villainous;
		3. पापी;	পাপী;	पापी;	sinful;
		4. नीचतम।	অতি হীন, অতি জঘন্য	अति हीन, अति जघन्य	lowest, vilest, worst.
अधमरा	वि.	अर्धमृत, मृतप्राय।	আধা মৰা, মৃতপ্ৰায়	आधा मरा, मृतप्राय	half-dead.
अधर	पुं.	1. ओठ (ऊपर या नीचे का);	ওপৰেৰ বা তলৰ ওঁঠ, অধৰ;	ओपरेर वा तलर ओंठ, अधर;	lower or upper lip;
तसल्ली	स्त्री.	1. ढाढस, दिलासा, सांत्वना;	সান্ত্বনা;	सान्त्वना;	consolation, comfort, solace;
		2. संतोष।	সন্তোষ, সন্তুষ্টি	सन्तोष, सन्तुष्टि	contentment, satisfaction.
तसवीर	स्त्री.	1. चित्र;	চিত্ৰ, ছবি;	चित्र, छबि;	picture, painting, photographs;
		2. किसी घटना या स्थिति की यथार्थता बतलाने वाला विवरण।	বিবৰণ, বৰ্ণনা, বৃত্তান্ত	विवरण, बर्णना, बृत्तान्त	depiction, portrayal, image.
तस्कर	पुं.	1. देय शुल्क चुकाए बिना अवैधानिक रूप से एक देश का माल दूसरे देश में पहुंचाने वाला;	চোৰাংবেপাৰী;	चोरांबेपारी;	smuggler;
		2. चोर।	চোৰ, ডকাইত	चोर, डकाइत	thief, robber.
तस्करी	स्त्री.	1. तस्कर का कार्य;	গোপন চালান;	गोपन चालान;	the act or process of smuggling;
		2. चोरी।	চুৰি	चुरि	theft, robbery.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तह	स्त्री.	1. परत;	স্তৰ, থাক, ভাঁজ;	स्तर, थाक, भाँज;	layer, stratum, fold, plait;
		2. किसी पदार्थ का बिल्कुल नीचेवाला भाग;	তলি;	तलि;	bottom, underneath;
		3. (बात की) गूढ़ता, गूढार्थ।	গূঢ়ার্থ, তত্ত্ব	गुढ़ार्थ, तत्त्व	real meaning or intent.
तहकीकात	स्त्री.	यथार्थता या सत्यता का पता लगाने के लिए की जाने वाली छानबीन या जांच पड़ताल।	অনুসন্ধান, তদন্ত	अनुसन्धान, तदन्त	inquiry, investigation.
तहखाना	पुं.	जमीन के नीचे बना हुआ कमरा या घर।	তলাতল ঘৰ, মাটিৰ তলৰ মহলা	तलातल घर, माटिर तलर महला	cellar, cell.
तहजीब	स्त्री.	शिष्टता, सभ्यता।	শিষ্টতা, সভ্যতা	शिष्टता, सभ्यता	etiquette, civilization.
तहमत	स्त्री.	कमर में लपेटा जाने वाला वस्त्र, लुंगी।	লুঙি	लुङि	a cloth worn round the waist and reaching the legs, a sarong.
तहरी	स्त्री.	चावलों की वह खिचड़ी जो चने, मटर, पेठे की बरी आदि मिला कर बनाई जाती है।	মচলা-ভাত	मचला-भात	rice cooked with turmeric and spices.
तहलका	पुं.	खलबली, हलचल।	উদুলি-মুদুলি, উখল-মাখল	उदुलि-मुदुलि उखल-माखल	commotion, excitement, stir.
तहसनहस	वि.	नष्टभ्रष्ट, ध्वस्त।	নষ্ট হোৱা, খাস্তাং হোৱা	नष्ट होवा, खास्तां होवा	destroyed, ruined, devastated.
तहसील	स्त्री.	1. जिले का वह भाग जो तहसीलदार के अधीन रहता है;	তহচিল, জিলাৰ মোজাৰ দৰে একোটা বিভাগ;	तहचिल, जिलार मोजार दरे एकोटा बिभाग;	subdivision of a district, the revenue jurisdiction of a tahsildar;
		2. तहसीलदार का कार्यालय।	তহচিলদাৰৰ কাৰ্যালয়	तहचिलदारर कार्य्यालय	office or court of a tahsil-dar.
तहसीलदार	पुं.	तहसील का प्रधान अधिकारी जो मालगुजारी वसूले करता है।	তহচিলদাৰ, মৌজাদাৰ	तहचिलदार, मौजादार	tahsildar, a sub-collector of revenue.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तांगा	पुं.	दो ऊंचे पहियों वाली एक प्रकार की गाड़ी जिसमें एक घोड़ा जोता जाता है।	টংগা (গাড়ী)	टंगा (गाड़ी)	tonga.
तांडव	पुं.	1. पुरुषों का नृत्य;	মতা মানুহৰ নৃত্য;	मता मानुहर नृत्य;	manly dance in general;
		2. शिव का प्रसिद्ध नृत्य;	শিৱৰ সংহাৰকাৰী নৃত্য;	शिवर संहारकारी नृत्य;	the frantic dance of the God Siva
		3. उग्र और उद्धत नृत्य।	উগ্ৰ আৰু ভয়ানক নৃত্য	उग्र आरु भयानक नृत्य	dancing (esp. with violent gesticulation).
तांत	स्त्री.	1. पशुओं के चमड़े या नसों को बटकर बनाई हुई पतली डोरी, तंत्री;	জন্তুৰ চাল বা নাড়ীৰ পৰা তৈয়াৰ কৰা জৰী;	जन्तुर चाल बा नाड़ीर परा तैयार करा जरी;	catgut, sinew;
		2. धनुष की डोरी;	ধনুৰ গুণ;	धनुर गुण;	string of a bow;
		3. जुलाहों की राछ;	তাঁতশাল;	ताँतशाल;	a loom;
		4. सारंगी आदि बाजों में लगा हुआ तार।	বাদ্যযন্ত্ৰৰ তাঁৰ বা গুণা	बाद्यजन्त्रर ताँर बा गुण	string of a musical instrument.
तांता	पुं.	अटूट क्रम।	নিচিগা ধাৰ	निचिगा धार	series, influx.
तांत्रिक	पुं.	1. तंत्र-शास्त्र का ज्ञाता;	তান্ত্ৰিক;	तान्त्रिक;	one who is completely versed in any science or system;
		2. तंत्र-मंत्र का प्रयोग करने वाला।	বামাচাৰী, তন্ত্ৰমন্ত্ৰ প্ৰয়োগ কৰোঁতা	बामाचारी, तन्त्रमन्त्र प्रयोग करोंता	practitioner of Tantras.
	वि.	तंत्र या तंत्र-शास्त्र से संबंधित।	তন্ত্ৰ সম্বন্ধীয়	तन्त्र सम्बन्धीय	relating to the Tantras, taught or contained in the tantras.
तांबा	पुं.	लाल रंग की एक प्रसिद्ध धातु।	তাম	ताम	copper.
तांबूल	पुं.	पान।	তামোল, পাণ	तामोल, पाण	betel.
ताई	स्त्री.	पिता के बड़े भाई की पत्नी।	বৰ আই, বৰ মা	बर आइ, बर मा	wife of father's elder brother, aunt.
ताऊ	पुं.	पिता का बड़ा भाई।	বৰ দেউতা, বৰপিতা	बर देउता, बरपिता	father's elder brother, uncle.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
ताऊन	पुं.	एक प्रसिद्ध घातक और संक्रामक रोग, प्लेग।	প্লেগ মহামাৰী	प्लेग महामारी	epidemic, plague.
ताक	स्त्री.	1. ताकने की क्रिया, ढंग या भाव;	চাহনি, চাৱনি;	चाहनि, चावनि;	look, glance, gaze;
		2. घात।	অপেক্ষা	अपेक्षा	watch, look-out.
	पुं.	ताखा, आलो।	দেৱালৰ খোপ, ছেল্ফ	देवालर खोप, छेल्फ	niche, shelf.
	वि.	जो दो से विभाजित न हो सके।	অযুগ্ম	अजुग्म	uneven, odd.
ताकझांक	स्त्री.	दूसरों पर प्रकट किए बिना या छिप कर ताकने या झांकने की क्रिया या भाव।	জুমি চোৱা কাৰ্য্য, চোৰ চাহনি	जुमि चोवा कार्य्य, चोर चाहनि	peeping, prying, casting stealthy glance.
ताकत	स्त्री.	1. कोई काम कर सकने की शक्ति या सामर्थ्य,	সামৰ্থ্য, শক্তি;	सामर्थ्य, शक्ति;	ability to accomplish, capability, ability;
		2. शारीरिक या मानसिक बल।	শাৰীৰিক আৰু মানসিক বল	शारीरिक आरु मानसिक बल	power, strength, might, force.
ताकतवर	वि.	बलवान, शक्तिशाली।	বলী, শক্তিশালী	बली, शक्तिशाली	forceful, strong, mighty, vigorous.
ताकना	स.क्रि.	1. देखना;	চা;	चा;	to look at, to stare at;
		2. अवसर की प्रतीक्षा या घात में रहना।	অপেক্ষা কৰ	अपेक्षा कर	to watch for.
ताकि	अ.	इसीलिए कि, जिससे, जिसमें।	যাতে	जाते	so that, in order that.
ताकीद	स्त्री.	1. हिदायत, निर्देश।	নিৰ্দ্দেশ, আদেশ;	निर्द्देश, आदेश;	instruction, caution, stress; stress, emphasis.
		2. किसी कार्य के लिए जोर देकर या कई बार कही जाने वाली बात।	তাগিদা, জোৰ	तागिदा, जोर	
तागना	स.क्रि.	1. सूई पिरोना;	বটিয়া ভৰা;	बटिया भरा;	to thread (a needle);
		2. रजाई आदि में दूर-दूर पर सिलाई करना।	জাপ সিয়নি দি, লেঙা সিয়নি দি, পাতল পাতলকৈ সিয়া	जाप सियनि, दि, लेङा सियनि दि पातल पातलकै सिया	to stitch (a quilt), to quilt.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
ताग़ा	पुं.	डोरा।	বটিয়া, জৰী, ডোল	बटिया, जरी, डोल	thread, cord.
ताज	पुं.	1. राजा का मुकुट;	মুকুট;	मुकुट;	crown, diadem, tiara;
		2. कलगी, तुर्रा।	চূড়া, শিখৰ, চৰাইৰ মূৰৰ জঁ	चूड़ा, शिखर, चराइर मूरर जँ	crest, tuft, plume, comb (of a bird).
ताजगी	स्त्री.	1. ताजा होने की अवस्था, गुण या भाव, ताजापन, नयापन;	নতুনত্ব;	नतुनत्व;	freshness, newness;
		2. फूल-पौधों का हरापन।	কোমলতা, সজীৱতা	कोमलता, सजीवता	tenderness, greenness.
ताजा	वि.	1. हराभरा;	নতুন, সতেজ;	नतुन, सतेज;	fresh, new;
		2. जो अधिक दिनों का या बासी न हो;	তাজা, কেঁচা;	ताजा, केंचा;	raw, green;
		3. नया।	নতুন, নবীন;	नतुन, नबीन;	recent.
ताजिया	पुं.	बांस की तीलियों, रंगीन कागजों आदि का बना हुआ वह ढांचा जो इमाम हसन और इमाम हुसैन के मकबरों की आकृति का बनाया जाता है और नियत स्थान पर दफनाया जाता है।	তাজিয়া	ताजिया	a representation of the shrines of Hasan and Husain, sons of Ali (which is carried in procession at the Moharraum by the Shias chiefly).
ताज्जुब	पुं.	आश्चर्य, अचंभा।	আশ্চৰ্য্য, অদ্ভুত	आश्चर्य्य, अद्भुत	wonder, astonishment, amazement.
ताड़	पुं.	एक लंबा वृक्ष जिसमें शाखाएं नहीं होतीं सिर्फ सिरे पर पत्तियां होती हैं।	তালগছ	तालगछ	the palmyra—tree or fan palm, Borassus flabelliforius.
ताड़न	पुं.	1 आघात या प्रहार करना, मारनापीटना;	মাৰণ, প্ৰহাৰ, কোবৰ;	मारण, प्रहार, कोब;	striking, beating;
		2. फटकार, डांट, डांट-डपट;	ডাবি-ধমাক;	डाबि-धमकि;	admonition, reproof, rebuke;
		3. दंड, सजा।	দন্ড, শাস্তি	दण्ड, शास्ति	punishment, penalty.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
ताड़ना	स्त्री.	दे० ताड़न।	কোব, ডাবি-ধমকি, শাস্তি	कोब, डाबि-धमकि, शास्ति	see "ताडन"
	स० क्रि.	1. भाँपना, जान या समझ लेना;	বুজ, গম ল, উলিয়া;	बुज, गम ल, उलिया;	to conjecture, to guess, to understand, to perceive, to discover, to find out;
		2. दंड या सजा देना।	দন্ড দি, শাস্তি দি	दण्ड दि, शास्ति दि	to chide, to punish.
ताड़ी	स्त्री.	ताड़ के वृक्ष से निकलने वाला सफेद मादक रस।	তাড়ি	ताड़ि	fermented juice of palm-tree, toddy.
तात	पु.	1. पिता;	দেউতা, পিতা;	देउता, पिता;	father;
		2. आदरणीय व्यक्ति;	সন্মানিত ব্যক্তি;	सम्मानित व्यक्ति;	revered, respected, venerable;
		3. एक प्रेमपूर्ण संबोधन जो बराबर के लोगों या अपने से छोटों के लिए प्रयुक्त होता है।	'দেউতা', 'পিতা' সম্বন্ধ ধৰি মতা মাত	'देउता', 'पिता' सम्बन्ध धरि मता मात	a term of affection or endearment addressed to any person (esp. to a junior or inferior).
तात्कालिक	वि.	1. तत्काल या तुरंत का;	লগে লগে হোৱা, তাত্কালিক;	लगे लगे होवा, तात्कालिक;	instantaneous, immediate;
		2. उस या उसी समय का।	সেই সময়ৰ	सेइ समयर	lasting that time, simultaneous, contemporary.
तात्पर्य	पु.	आशय, अभिप्राय।	আশয়, অভিপ্ৰায়, উদ্দেশ্য	आशय, अभिप्राय, उद्देश्य	object, intent, design, meaning.
तात्विक	वि.	1. तत्वसबंधी;	তাত্ত্বিক, তত্ত্বসম্বন্ধীয়;	तात्त्विक, तत्त्वसम्बन्धीय;	elemental, fundamental;
		2. यथार्थ, वास्तविक।	যথাৰ্থ, বাস্তৱিক	जथार्थ, बास्तविक	true, real, essential
तादात्म्य	पु.	अभिन्नता, अभेद, अभेदसंबंध या मिश्रण।	অভিন্নতা, একাত্মতা, ঐক্য	अभिन्नता, एकात्मता, ऐक्य	sameness of nature or character, identity, unity.
तादाद	स्त्री.	वस्तुओं, व्यक्तियों आदि की कुल इकाइयों का जोड़, संख्या।	সংখ্যা, গণনা, লেখ	संख्या, गणना, लेख	number, count.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तान	स्त्री.	संगीत में स्वर का विस्तार;	(সংগীতৰ) তান	(संगीतर) तान	protracted tone, key-note (in music), tune.
तानना	स० क्रि०	1. खींचकर कड़ा करना;	আট, টান কৰ;	आट, टान कर;	to tighten, to erect;
		2. खींचकर बांधना;	টানি বান্ধ, তৰ;	टानि बान्ध, तर;	to pitch (a tent), to string up;
		3. खिंचाव उत्पन्न करने वाली क्रिया करना;	কোঁচা, সংকোচিত কৰ;	कोंचा, संकोचित कर;	to contract, to knit (the brow);
		4. फैलाना;	মেল, পাৰ;	मेल, पार;	to extend, to stretch, to spread;
		5. किसी पर आघात आदि करने के लिए कोई चीज ऊपर उठाना।	ফাঁকৰ পৰা উলিয়া	फांकर परा उलिया	to flourish, to brandish (as a sword, stick, etc.)
तानपूरा (तंबूरा)	पुं.	सितार के आकार का एक बाजा जो गाते समय स्वर देने के काम आता है।	তানপুৰা	तानपुरा	a four-stringed musical instrument.
ताना	पुं.	1. करघे में लम्बाई के बल फैलाया हुआ सूत;	(কাপোৰৰ) দীঘ;	(कापोरर) दीघ;	the threads that are extended lengthwise upon a loom, the wasp;
		2. व्यंग्यपूर्ण चुटीली बात।	ব্যংগোক্তি, ঠাট্টা	व्यंगोक्ति, ठाट्टा	taunt, sarcastic remark.
ताना-बाना	पुं.	बुनाई के समय लंबाई के बल फैलाए जाने वाले तथा चौड़ाई के बल बुने जानेवाले सूत, ताना और बाना।	দীঘ-বাণি	दीघ-बाणि	wasp and woof, the whole structure.
ताना शाह	पुं.	स्वेच्छाचारी शासक, अधिनायक।	স্বেচ্ছাচাৰী শাসক	स्वेच्छाचारी शासक	dictator, tyrant.
ताना शाही	स्त्री.	1. अधिनायकत्व;	একনায়কত্ব;	एकनायकत्व;	dictatorship, dictatorial rule;
		2. स्वैच्छाचारिता।	স্বেচ্ছাচাৰিতা	स्वेच्छाचारिता	arbitrariness.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
ताप	पुं.	1. उष्णता, गरमी;	উষ্ম, তাপ;	उष्म, ताप;	warmth, temperature;
		2. ज्वर, बुखार;	জ্বৰ;	ज्वर;	fever;
		3. दुख;	দুখ-কষ্ট, শোক, বেদনা;	दुख-कष्ट, शोक, बेदना;	affliction, pain, agony;
		4. एक प्रसिद्ध ऊर्जा या शक्ति जो अग्नि, घर्षण अथवा कुछ रासायनिक क्रियाओं द्वारा उत्पन्न होती है और जिसके प्रभाव से चीजें गलती, जलती, पिघलती, फैलती या भाप बन कर हवा में उड़ने लगती हैं, ऊष्मा।	উষ্ণতা, তাপ	उष्णता, ताप	heat.
तापक	पुं.	एक वैद्युतिक उपकरण जो चीजों या वातावरण को गरम करता है।	তাপ-যন্ত্র	ताप-जन्त्र	heater, radiator.
	वि.	1. गर्मी उत्पन्न करने वाला;	উত্তাপক, তাপ দিয়া;	उत्तापक, ताप दिया;	heating, burning, inflamming;
		2. कष्ट देने वाला।	বেদনাদায়ক	बेदनादायक	causing pain.
तापक्रम	पुं.	किसी विशिष्ट स्थान, पदार्थ या शरीर का वह ताप जो विशेष अवस्थाओं में घटता-बढ़ता रहता है।	তাপমাণ	तापमान	temperature scale.
तापना	अ.क्रि.	आंच या ताप से शरीर गरमाना, धूप सेकना।	জুই পুৱা, ৰ'দ ল	जुइ पुवा, र'द ल	to warm oneself (at or over a fire), to bask (in the sun or before a fire).
तापमान	पुं.	थर्मामीटर आदि द्वारा मापी गई शरीर, किसी पदार्थ या वायुमंडल के ताप की मात्रा।	তাপমাত্রা	तापमात्रा	temperature.
तापमापक-यंत्र	पुं.	वह उपकरण जिससे शरीर, पदार्थ, वातावरण आदि का तापमान जाना जाता है।	তাপমান যন্ত্র	तापमान जन्त्र	thermometer.
तापस	पुं.	दे. 'तपस्वी'	তাপস, তপস্বী	तापस, तपस्वी	see 'तपस्वी'

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तावड़तोड़	क्रिवि.	1. लगातार;	ক্ৰমান্বয়ে;	क्रमान्वये;	one upon another, one after another, in quick succession;
		2. तुरंत, तत्काल।	ততালিকে, তত্ক্ষণাত্	ततालिके, तत्क्षणात्	immediately, straight away, forthwith.
ताबूत	पुं.	वह संदूक जिसमें मृत शरीर बंद करके गाड़े जाते हैं।	কফিন, কবৰ-বাকচ	कफिन, कबर-बाकच	bier, coffin.
ताबेदार	वि.	आज्ञाकारी।	আজ্ঞাৱাহী, দাস, সেৱক	आज्ञावाही, दास, सेवक	dependent, obedient.
तामचीनी	स्त्री.	धातु के पात्रों आदि पर लगाया जाने वाला एक प्रकार का चिकना और भली भांति चिपकने वाला मसाला या लेप।	মীনা, চিকন-লেও	मीना, चिकन-लेओ	enamel.
तामझाम	पुं.	1. एक तरह की खुली पालकी;	এবিধ দোলা;	एबिध दोला;	a rough kind of sedan chair carried by two men, a 'tonjon';
		2. साजसामान।	সাজ-সজ্জাৰ বস্তু	साज-सज्जार बस्तु	appurtenance, furnishings, paraphernalia.
तामलौट (तामलेट)	पुं.	टीन का वह पात्र जिस पर चमकदार रोगन लगाया गया हो।	টিনৰ পাত্ৰবিশেষ	टिनर पात्रबिशेष	tumbler.
तामस	वि.	जिसमें तमोगुण की अधिकता हो।	তামস, তমোগুণী	तामस, तमोगुणी	appertaining to or affected by the quality tamas
तामसिक	वि.	दे. 'तामस'	তামসিক	तामसिक	see 'तामस'.
तामसी	वि.	दे. 'तामस'	তামসিক	तामसिक	see 'तामस'.
तामील	पुं.	आज्ञा, निर्णय आदि का पालन।	পালন, সম্পাদন	पालन, सम्पादन	carrying out (an order, etc.), execution (of an order).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
ताम्र	पुं.	एक प्रसिद्ध धातु, ताँबा।	তাম	ताम	copper.
	वि.	1. तांबे का बना हुआ;	তামেৰে তৈয়াৰী;	तामेरे तैयारी;	made of copper;
		2. तांबे की तरह लाल रंग का।	তাম বৰণীয়া	ताम बरणीया	of a dark or coppery red.
ताम्रपत्र	पुं.	1. तांबे की चद्दर;	আমৰ পাট;	आमर पाट;	a sheet of copper.
		2. तांबे का वह पत्तर जिस पर स्थायी रूप स रहने के लिए कोई महत्वपूर्ण बात लिखी गई हो।	তামৰ ফলি	तामर फलि	a copper plate (used in olden times for documentation or inscription of edicts, etc.).
ताम्रलेख	पुं.	तांबे की पत्तर पर खुदा हुआ लेख।	তামৰ ফলিত লিখা কথা, তামৰ ফলি, তাম্ৰ-শাসন	तामर फलित लिखा कथा, तामर फलि, ताम्र-शासन	edict inscribed on copper plate.
तार	पुं.	1. तागे की तरह गोल या चौकोर, कम मोटी, लोचदार लंबी वस्तु जो तपाई धातुओं को पीटकर या खींच कर बनाई जाती है;	তাঁৰ, ধাতুৰে নিৰ্ম্মিত জৰী;	ताँर, धातुरे निर्म्मित जरी;	wire, chord;
		2. तार के द्वारा भेजा जाने वाला समाचार या वह कागज जिस पर उक्त समाचार लिखा रहता है;	তাঁৰ-বাৰ্ত্তা;	ताँर-बार्त्ता;	telegraphic message, telegram, wire;
		3. तांता, अनवरत क्रम	লেথাৰী, লানি	लेथारि, लानि	uninterrupted series.
तारक	पुं.	1. उद्धार करने वाला, तारने वाला;	তাৰক, ৰক্ষক;	तारक, रक्षक;	liberator, deliverer, saviour, protector;
		2. आकाश का तारा, नक्षत्र;	তৰা, নক্ষত্ৰ;	तरा, नक्षत्र;	star, planet;
		3. आंख की पुतली;	চকুৰ মণি;	चकुर मणि;	pupil of the eye;
		4. छपाई आदि में तारे जैसा चिह्न * ।	তৰাচিন	तराचिन	(mark of) asterik.
तारकोल	पुं.	काले रंग का एक गाढ़ा द्रव, जो लकड़ी आदि रंगने के काम आता है, अलकतरा।	আলকতৰা	आलकतरा	tar, coaltar.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तारघर	पुं.	तार द्वारा समाचार भेजने का कार्यालय।	তাঁৰ-ঘৰ	ताँर-घर	telegraph office.
तारतम्य	पुं.	क्रम।	তাৰতম্য, হীনডেঢ়ি	तारतम्य, हीनडेढ़ि	sequence.
तारतार	वि.	जो फटकर चिथड़े-चिथड़े हो गया हो।	চিন্নভিন্ন, ভগাচিগা	चिन्नभिन्न, भगाचिगा	shorn to pieces or shreds, tattered and torn.
तारना	स.क्रि.	1. पार लगाना, पार करना;	পাৰ কৰ;	पार कर;	to enable (one) to cross;
		2. उद्धार करना;	উদ্ধাৰ কৰ, তাৰ;	उद्धार कर, तार;	to free, to rid (of), to deliver, to save;
		3. भवबंधन से छुड़ाना।	মুক্ত কৰ	मुक्त कर	to exempt from further transmigration.
तारपीन	पुं.	चीड़ के पेड़ से निकला हुआ एक तरह का तेल।	তাৰ্পিন তেল	तार्पिन तेल	turpentine.
तारांकित	वि.	(वह शब्द, वाक्य, प्रश्न आदि) जिसके साथ तारे (*) का चिह्न दिया गया हो, तारक चिह्न युक्त।	তৰা চিন দিয়া	तरा चिन दिया	marked with an asterik, starred.
तारा	पुं.	1. आकाश में चमकने वाला ज्योतिर्पिंड, नक्षत्र;	তৰা, নক্ষত্ৰ;	तरा, नक्षत्र;	star or planet in general, a fixed star;
		2. आंख की पुतली।	চকুৰ মণি	चकुर मणि	pupil of the eye, eye-ball.
तारिका	स्त्री.	1. सिनेमा की अभिनेत्री;	চিত্ৰ তাৰকা (স্ত্ৰী);	चित्र तारका (स्त्री);	film star, actress;
		2. तारा, नक्षत्र;	তৰা, নক্ষত্ৰ;	तरा, नक्षत्र;	star, planet;
		3. आंख की पुतली, कोर्निया।	চকুৰ মণি	चकुर मणि	pupil of the eye.
तारीख	स्त्री.	1. गिनती के हिसाब से पड़ने वाला महीने का दिन जो संख्याओं में सूचित किया जाता है, दिनांक, तिथि;	তাৰিখ;	तारिख;	date, day (of a month);
		2. कार्यविशेष के लिए नियत किया हुआ दिन;	নিৰ্দ্ধাৰিত দিন, খাটিৰ;	निर्द्धारित दिन, खाटिर;	appointed day;
		3. इतिहास।	বুৰঞ্জী, ইতিহাস	बुरंजी, इतिहास	history, chronicle.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तारीफ	स्त्री.	1. प्रशंसा;	প্ৰশংসা, যশ;	प्रशंसा, जश;	praising, praise, commendation;
		2. विशेषता;	বিশেষত্ব, বৈশিষ্ট্য;	विशेषत्व, वैशिष्ट्य;	speciality or significant quality;
		3. परिचय;	পৰিচয়, চিনাকি;	परिचय, चिनाकि;	introduction (of a person);
		4. लक्षण, परिभाषा।	সংজ্ঞা, বৰ্ণনা	संज्ञा, वर्णना	defining, definition, description.
तारुण्य	पुं.	जवानी, यौवन।	যৌৱন, যুৱকত্ব	जौवन, जुवकत्व	youth, youthfulness.
तार्किक	पुं.	तर्कशास्त्र का ज्ञाता, तर्कवेता।	তাৰ্কিক, তৰ্কবিশাৰদ	तार्किक, तर्कबिशारद	dialectician, logician.
	वि.	तर्क के आधार पर ही सत्य को स्वीकार करने वाला, तर्कपूर्ण।	যুক্তিযুক্ত, যুক্তিপৰায়ণ	जुक्तिजुक्त, जुक्तिपरायण	logical, rational.
ताल	पुं.	1. छोटा जलाशय;	পুখুৰী;	पुखुरी;	pond, tank;
		2. संगीत में समय का परिमाण ठीक रखने के लिए नियत अंतर पर हथेली या किसी ओर चीज से किया जाने वाला आघात,	(সংগীতৰ) তাল;	(संगीतर) ताल;	musical measure, rhythmic cycles;
		3. जंघा या बाजू पर हथेली से ठोककर उत्पन्न किया गया शब्द।	বাহুত মৰা চাপৰ	बाहुत मरा चापर	lapping the hands on the arms in defiance (in wrestling).
तालपत्र	पुं.	ताड़ के वृक्ष का पत्ता, ताड़पत्र।	তাল-পাত	ताल-पात	the palm leaf, palmyra leaf.
तालमेल	पुं.	1. समन्वय, संगति;	সমলয়;	समलय;	harmony, coordination, adjustment;
		2. ताल का सुरों के साथ मेल या संगति।	তাল-মানৰ সমলয়	ताल-मानर समलय	harmony in rhythm and words of a song.
तालव्य	वि.	तालुसंबंधी या तालु से उच्चारित होने वाला (वर्ण)।	তালব্য, তালুত উচ্চাৰিত	तालव्य, तालुत उच्चारित	relating to the palate, palatal (sound).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
ताला	पुं.	किवाड़, संदूक आदि को मजबूती से बंद रखने का लोहे पीतल आदि का एक यंत्र जो खास कुंजी से बंद होता और खुलता है।	তলা	तला	lock, padlock.
तालाबंदी	स्त्री.	औद्योगिक क्षेत्र में किसी कारखाने का अनिश्चित काल के लिए उसके स्वामी या स्वामियों द्वारा बंद किया जाना।	তলাবন্ধ	तलाबन्ध	lock out.
तालाब	पुं.	पोखरा, सरोवर।	পুখুৰী	पुखुरी	pond, pool, tank.
तालिका	स्त्री.	1. सूची; 2. ताली, कुंजी।	তালিকা, লিষ্টি; সঁচাৰ কাঠি, চাবি	तालिका, लिष्टि; सँचार काठि, चाबि	list, table; key.
ताली	स्त्री.	1. ताला बंद करने और खोलने का एक विशेष प्रकार का उपकरण, कुंजी; 2. हथेलियों का परस्पर आघात, करतल ध्वनि।	চাবি; হাত-চাপৰি, হাত-তালি	चाबि; हात-चापरि, हात-तालि	key; clapping (of hands), applause.
तालीम	स्त्री.	शिक्षा।	শিক্ষা, তালিম	शिक्षा, तालिम	education, instruction.
तालु (तालू)	पुं.	मुँह के अंदर ऊपर के दाँतों और गले के कौए या घटी के बीच का भाग।	তালু, তালুক	तालु, तालुका	palate.
ताल्लुक	पुं.	संबंध, लगाव।	সম্বন্ধ, সম্পৰ্ক	सम्बन्ध, सम्पर्क	attachment, connexion, relation.
ताल्लुका	पुं.	आसपास के कई गांवों का समूह जो किसी एक ही जमींदार के अधिकार में रहता है, इलाका।	তালুক, মুলুক, এলেকা	तालुक, मुलुक, एलेका	a fiscal subdivision, landed estate.
ताल्लुकेदार	पुं.	किसी ताल्लुके का जमींदार या मालिक।	তালুকদাৰ, জমিদাৰ	तालुकदार, जमिदार	one who holds a taalluqa, land holder.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
ताव	पुं.	1. कागज का बड़ा, चौकोर, बिना कटा-फटा टुकड़ा;	(কাগজৰ) খিলা, তাও;	(कागजर) खिला, ताओ;	sheet of paper;
		2. गरमी, ताप, आंच;	তাপ, গৰম;	ताप, गरम;	heat, flame, fire;
		3. आवेश, मनोवेग।	খং	खं	passion, wrath, rage.
तावीज	पुं.	1. कागज, भोजपत्र आदि पर अंकित मंत्र या चक्र आदि जिसे सोने-चांदी के संपुट में बंद कर गले, बांह, कमर आदि में धारण करते हैं ;	তাবিজ, কবচ;	ताबिज, कबच;	charm, amulet, talisman;
		2. सोने, चांदी आदि का विशेष आकार का एक आभूषण।	সোণ-ৰূপৰ এবিধ অলংকাৰ	सोण-रूपर एबिध अलंकार	a kind of ornament made of gold or silver.
ताश	पुं.	1. खेलने के काम का मोटे कागज का चौकोर टुकड़ा जिस पर पान, ईट आदि रंगों के छापे हों,पत्ता;	(খেলৰ) তাচ খিলা, পাত;	(खेलर) ताच, खिला, पात;	playing cards;
		2. उक्त पत्तों से खेला जाने वाला खेल;	তাচখেল;	ताचखेल;	game of cards;
		3. एक प्रकार का जरदोजी का कपड़ा।	বুটা তোলা কাপোৰ	बुटा तोला कापोर	cloth of gold, brocade.
ताशा (तासा)	पुं.	चमड़े से मढ़ा चौड़े मुंह का एक बाजा जो गले में लटकाकर लकड़ी से बजाया जाता है।	কাৰ্শিপি বনকৰা কাপোৰ ঢোল	कार्शिपि बनकरा कापोर ढोल	mounted spherical drum.
तासीर	स्त्री.	किसी वस्तु का सेवन करने पर उसके तात्विक गुणों का पड़ने वाला प्रभाव, गुण, असर।	ছাপ, আঁচ, প্ৰভাৱ	छाप, साँच, प्रभाव	impression, effect.
तिकड़म	पुं.	चतुराई, युक्ति, तरकीब।	চতুৰালি, ছল	चतुरालि, छल	manipulation, manoeuvre, device.
तिकड़मी	वि.	तिकड़म से काम करने वाला।	চতুৰ, চালাক	चतुर, चालाक	manoeuvring, manipulating, fraudulent.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तिकोना	वि.	जिसमें तीन कोने हों, त्रिभुजाकार।	তিনিচুকীয়া	तिनिचुकीया	three-cornered, triangular, triangle.
	पुं.	समोसा।	চিংৰা	चिंरा	a triangular shaped stuffed pie.
तिक्त	वि.	जो स्वाद में मिर्च आदि की तरह हो, तीता, चरपरा।	তিতা	तिता	bitter, pungent, acrid.
तिगुना	वि.	तीन गुना, जो मात्रा और परिमाण में अपने से दो बार और अधिक हो।	তিনিতৰগীয়া	तिनितरपीया	three fold, three times, triple.
तिजारत	स्त्री.	व्यापार, व्यवसाय, वाणिज्य।	বেপাৰ, বাণিজ্য, ব্যৱসায়	बेपार, बाणिज्य, व्यवसाय	trade, commerce, business.
तिजोरी	स्त्री.	लोहे की अलमारी जिसमें रुपए, गहने आदि रखे जाते हैं।	লোৰ বাকচ	लोर बाकच	iron safe, safe.
तितर-बितर	वि.	इधर-उधर फैला हुआ, बिखरा हुआ, अस्तव्यस्त।	সিচৰতি	सिचरति	scattered, dispersed.
तितली	स्त्री.	1. सुंदर तथा रंगबिरंगे पंखोंवाला एक कीड़ा;	গখিলা;	गखिला;	butterfly;
		2. (ला.) बहुत तड़क-भड़क से रहने वाली सुंदर बालिका या स्त्री।	চিত্-পখিলা, ধুন মাৰি ফুৰা ছোৱালী	चित्-पखिला, धुन मारि फुरा छोवाली	(fig.) grandly dressed woman, belle.
तिथि	स्त्री.	1. चंद्रमास के किसी पक्ष का कोई दिन अथवा उसे सूचित करने वाली कोई संख्या, मिति;	তিথি;	तिथि;	a lunar day;
		2. तारीख, दिनांक।	তাৰিখ, দিনাংক	तारीख, दिनांक	day (of the month).
तिनका	पुं.	तृण, घासफूस।	ঘাঁহ, বন, তৃণ	घाँह, बन, तृण	grass, straw.
तिपाई	स्त्री.	तीन पायोंवाली एक तरह की बैठने या सामान आदि रखने की ऊंची चौकी।	ত্ৰিপদী, তিনিটা খুৰা থক এবিধ টুল	त्रिपदी, तिनिटा खुरा थका एबिध टुल	tripod, a three-legged table or stool.
तिबारा	वि.	तीसरी बार।	তৃতীয় বাৰ	तृतीय बार	for the third time.
तिमंजिला	वि.	जिसके तीन खंड या मंजिलें हों।	তিনিমহলীয়া, তিনিতলীয়া	तिनिमहलिया, तिनितलीया	three storeyed.
तिमाही	वि.	हर तीसरे महीने होने वाला, त्रैमासिक।	তিনিমহীয়া, ত্ৰৈমাসিক	तिनिमहीया, त्रैमासिक	quarterly.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तिमिर	पुं.	अंधकार।	অন্ধকাৰ, আন্ধাৰ	अन्धकार, आन्धार	darkness, gloom.
तिरंगा	वि.	तीन रंगों वाला।	ত্ৰিৰংগ, তিনিবৰণীয়া	त्रिरंग, तिनिबरणीया	tri-coloured.
	पुं.	भारत का राष्ट्रीय ध्वज जिसमें तीन रंग हैं, तिरंगा झंडा।	ত্ৰিৰংগ পতাকা, ভাৰতীয় ৰাষ্ট্ৰীয় পতাকা	त्रिरंग पताका, भारतीय राष्ट्रीय पताका	the tricoloured flag (Indian National flag).
तिरछा	वि.	जो एक ओर को कुछ झुक हुआ हो, वक्र, कुटिल।	বেঁকা, টেৰা, তিৰ্যক	बेंका, टेरा, तिर्ज्यक	slanting, oblique, awry, askant.
तिरना	अ.क्रि.	तैरना, पानी में बहना।	উট, বৈ যা, ব	उट, बै जा, ब	to float.
तिरपन (त्रेपन)	वि.	पचास और तीन।	তেৱন, তেপ্পন	तेवन, तेप्पन	fifty three
	पुं.	उक्त की द्योतक संख्या, 53	53 সংখ্যা	53 संख्या	(the number) fifty three.
तिरपाल	पुं.	1. राल या रोगन चढ़ाया हुआ एक प्रकार का मोटा कपड़ा;	তিৰ্পাল, ত্ৰিপাল;	तिर्पाल, त्रिपाल;	ter paulin;
		2. छाजन के नीचे बिछाया जाने वाला सरकंडे आदि का लंबा फूला या मुट्ठा।	চিলিঙি	चिलिङि	a bundle of straw or seed etc. spread below the tiles on a roof.
तिरमिरा	पुं.	आंख का एक रोग जिसमें देखने की शक्ति क्षीण हो जाती है, सामने धुंध छाया रहता है, प्रकाश असहय हो जाता है और कुछका कुछ दिखाई देता है।	(চকুৰ) চলিহা	(चकुर) चलिहा	an ocular spectrum or spark appearing before the eye (from the internal state of that organ);
तिरसठ	वि.	साठ और तीन।	তেষষ্ঠি	तेषष्ठि	sixty-three.
	पुं.	उक्त की द्योतक संख्या 63	63 সংখ্যা	63 संख्या	(the number) sixty three.
तिरस्कार	पुं.	1. अपमान, अनादर;	অপমান, লাঞ্ছনা;	अपमान, लांछना;	slight, indignity, contempt;
		2. अवज्ञा, अवहेलना।	অৱজ্ঞা, আওহেলা	अवज्ञा, आओहेला	neglect, disdain, defiance.
तिरस्कृत	वि.	1. अपमानित, अनादृत;	অপমানিত, লাঞ্ছিত;	अपमानित, लांछित;	disregarded, censured. reproached,
		2. जिसकी अवहेलना की गई हो।	অৱহেলিত	अवहेलित	neglected, ignored.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तिरानवे	वि.	नब्बे और तीन।	তিৰানবৈ	तिरानवै	ninety-three.
	पुं.	उक्त की द्योतक संख्या 93	93 সংখ্যা	93 संख्या	(the number) ninety-three.
तिराना	स. क्रि.	1. पानी पर तैराना;	ওপঙা;	ओपङा;	to cause to float;
		2. पार कराना।	পাৰ কৰা	पार करा	to make (one) swim, to cause to pass over or across.
तिरासी	वि.	अस्सी और तीन।	তিৰাশী	तिराशी	eighty-three
	पुं.	उक्त की द्योतक संख्या 83	83 সংখ্যা	83 संख्या	(the number) eighty-three.
तिरोभाव	पुं.	1. आंखों से ओझल होकर अदृश्य हो जाना, अंतर्धान, अदर्शन;	তিৰোভাৱ, অদৃশ্য, অন্তৰ্দ্ধান;	तिरोभाव, अदृश्य, अन्तर्द्धान;	disappearance, ceasing to be visible;
		2. छिपाव, दुराव।	গোপন	गोपन	concealment, hiding.
तिरोभूत	वि.	अदृश्य, अंतर्हित, लुप्त।	অদৃশ্য, অন্তৰ্হিত, লুপ্ত	अदृश्य, अन्तर्हित, लुप्त	disappeared, vanished.
तिरोहित	वि.	1. छिपा हुआ, अदृश्य, अंतर्हित;	অদৃশ্য, অন্তৰ্হিত;	अदृश्य, अन्तर्हित;	vanished, disappeared, removed or with-drawn from sight.
		2. आच्छादित, ढका हुआ।	আবৃত, লুপ্ত	आबृत, लुप्त	covered concealed, hidden.
तिर्यक्	वि.	तिरछा, आड़ा।	তিৰ্যক, বেঁকা	तिर्ज्यक, बेंका	oblique, crooked, curved.
	पुं.	1. पशु;	পশু, জন্তু;	पशु, जन्तु;	animal;
		2. पक्षी।	চৰাই, পক্ষী	चराइ, पक्षी	bird.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तिल	पुं.	1. काले या सफेद रंग का एक छोटे दाने का तिलहन ;	তিল (শস্য);	तिल (शस्य);	the sesamum plant, sesamum indicum,
		2. तिल के आकार का काला दाग जो शरीर पर होता है;	তিল (শৰীৰৰ);	तिल (शरीरर);	mole or a black spot (on the face) compared to a seed;
		3. किसी पदार्थ का बहुत छोटा टुकड़ा या कण;	খুদ, কণ;	खुद, कण;	a small particle or portion, the least bit;
		4. आंख की पुतली के बीच का बिंदु।	চকুৰ মণি	चकुर मणि	pupil of the eye.
तिलक	पुं.	1. धार्मिकता, शोभा या लोकरीति की दृष्टि से घिसे हुए चंदन, केसर या रोली आदि से ललाट पर बनाया हुआ विशेष आकार का चिह्न, टीका (किसी कार्यालय की स्थापना पर, राज्याभिषेक पर, सगाई आदि के सुअवसरों पर माथे पर लगाया जाने वाला शिष्टाचार युक्त चिह्न);	কপালত লোৱা ফোট, তিলক;	कपालत लोवा फोट, तिलक;	a sectarial mark or marks made with coloured earth, sandal wood, or unguents upon the forehead and between the eye-brows (as a ceremonial mark it is made on the occasions of installation of office, coronation of a king, betrothal etc.);
		2. बसंत में फूलने वाला एक वृक्ष;	বসন্ত কালত ফুলা এবিধ গছ;	बसन्त कालत फुला एबिध गछ;	a species of tree with beautiful flowers;
		3. किसी कुल या समुदाय का सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति;	বংশৰ গৌৰৱ, কুলৰ তিলক;	बंशर गौरव, कुलर तिलक;	the most eminent member (of a clan or dynasty etc.);
		4. स्त्रियों का एक शिरोभूषण।	তিৰোতাই কপালত পিন্ধা এপদ অলংকাৰ	तिरोताइ कपालत पिन्धा एपद अलंकार	an ornament of women worn on the forehead.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तिलकुट	पुं.	तिल और गुड़ या चीनी के मेल से बनने वाली एक मिठाई।	তিলৰ লাড়ু	तिलर लाडु	a kind of sweet-meat composed of pounded sesamum and Gur or sugar.
तिलचटा	पुं.	एक तरह का झींगुर।	পঁইতাচোৰা, তেলভকুৱা	पँइताचोरा, तेलभकुवा	a cockroach (blata).
तिलमिलाना	क्रि.	1. बेचैन या विकल होना।	বেদনাত জৰ্জ্জৰিত হ;	बेदनात जर्ज्जरित ह;	to writhe in agony, to toss about, to be agitated;
		2. चौंधियाना	চাট মাৰি ধৰ;	चाट मारि धर;	to be dazzled;
		3. बौखलाना।	খং খা, খং উঠ	खं खा, खं उठ	to fret and fume, to be terribly enraged.
तिलमिलाहट	स्त्री.	तिलमिलाने की क्रिया या भाव, बेचैनी।	চটফটনি, তৰ্জ্জন-গৰ্জ্জন	चटफटनि, तर्ज्जन-गर्ज्जन	restlessness, tossing about, rage
तिलवा	पुं.	तिल का लड्डू, तिलकुट।	তিলৰ লাড়ু	तिलर लाडु	a kind of sweetmeat made of ground or pounded sesamum and gur or sugar.
तिलहन	पुं.	कुछ वनस्पतियों के वे बीज जिन्हें पेरने से तेल निकलता है या उन बीजों के पौधे।	তেলৰ গুটি, তেল ওলোৱা শস্য	तेलर गुटि, तेल ओलोवा शस्य	oil-seeds.
तिलांजलि	स्त्री.	1. किसी के मरने पर उसके संबंधियों द्वारा किया जाने वाला एक कृत्य जिसमें मृतक के नाम तिलमिश्रित जल की अंजलि दी जाती है;	তিলাঞ্জলি;	तिलांजलि;	a handful (or double handful) of water mixed with sesamum seeds offered to the deceased ancestors;
		2. सदा के लिए किसी से संबंध विच्छेद।	চিৰবিদায়, চিৰবিচ্ছেদ	चिरबिदाय, चिरबिच्छेद	abandonment, giving up once and for all, bidding a final adieu.
तिला	पुं.	नपुंसकता नष्ट करने वाला एक तेल।	নপুংসকতা নাশক এবিধ তেল	नपुंसकता नाशक एबिध तेल	a medicinal salve used for physical potency (by men).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तिलिस्म	पुं.	1. जादू, इंद्रजाल; 2. ऐंद्रजालिक कार्य या रचना।	যাদু, যাদুমন্ত্ৰ; যাদু	जादु, जादुमन्त्र; जादु	talisman, magic; mystery, mystical devices or characters.
तिलिस्मी	वि.	तिलिस्म या जादू से संबंधित।	যাদুকৰী	जादुकरी	magical, mystical etc.
तिल्ली	स्त्री.	1. पेट के भीतर का गुठली के आकार का वह छोटा अवयव जो बाई ओर की पसलियों के नीचे रहता है, प्लीहा; 2. एक रोग जिसमें उक्त अवयव में सूजन आ जाती है; 3. तिल।	প্লীহা; প্লীহা বাঢ়ি হোৱা এবিধ বেমাৰ; তিল	प्लीहा; प्लीहा बाढ़ि होवा एबिध बेमार; तिल	spleen or milt; spleenitis; kernel of sesamum.
तिहतर	वि.	1. सत्तर और तीन; 2. उक्त की द्योतक संख्या 73	তেসত্তৰ; 73 সংখ্যা	तेसत्तर; 73 संख्या	seventy-three. (the number) seventy-three
तिहाई	स्त्री.	1. तीसरा भाग, अंश या हिस्सा; 2. जमीन के बंदोबस्त की एक रीति जिसमें उपज का केवल तीसरा भाग काश्तकारों को मिलता है।	একতৃতীয়াংশ; তেহাই, শস্যৰ একতৃতীয়াংশ থেতিয়কে পোৱাৰ নিয়ম	एकतृतीयाश; तेहाइ, शस्यर एकतृतीयांश थेतियके पोवार नियम	a third part, one-third; a system of land-settlement under which one-third of the crop is given to farmers.
तीक्ष्ण	वि.	1. तीखे या चरपरे स्वाद का; 2. तेज नोक या तेज धारवाला; 3. उग्र; 4. कुशाग्र; 5. अप्रिय, कटु (कथन)।	জলা, চোকা; বৰ ধাৰ থকা, চোকা; উগ্ৰ; অতি চোকা; অপ্ৰিয়, কটু, ৰুক্ষ	जला, चोका; बर धार थका, चोका; उग्र; अति चोका; अप्रिय, कटु, रुक्ष	sharp, hot, pungent; sharp, keen; violent, vehement; quick, keen, intelligent, penetrating; harsh, rough, rude.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तीक्ष्णता	स्त्री	तीक्ष्ण होने की अवस्था या भाव।	তীক্ষ্ণতা, চোক, জাল	तीक्ष्णता, चोक, जाल	sharpness, pungency, keenness.
तीखा	वि.	दे-तीक्ष्ण।	'তীক্ষ্ণ' চোৱাঁ	'तीक्ष्ण' चोवाँ	see 'तीक्ष्ण'.
तीज	स्त्री.	1. प्रत्येक पक्ष की तीसरी तिथि, तृतीया; 2. भाद्र शुकला तृतीय को होने वाला एक त्योहार।	তৃতীয়া তিথি; ভাদ মাহৰ, শুক্লা তৃতীয়া তিথিত হোৱা এটা উত্সৱ	तृतीया तिथि; भाद माहर शुक्ला तृतीया तिथित होवा एटा उत्सव	third day of a lunar fortnight; a festival held on the third day of the lunar fortnight of the month of Bhadon.
तीतर	पुं.	मुर्गे की जाति का एक प्रसिद्ध पक्षी।	দঁৰিক চৰাই	दँरिक चराइ	partridge.
तीता	वि.	चटपटे स्वाद का, तिक्त।	তিতা	तिता	bitter, pungent acrid.
तीन	वि.	दो और एक।	তিনি	तिनि	three.
	पुं.	उक्त की द्योतक संख्या 3	3 সংখ্যা	3 संख्या	(the number) three.
तीन-पांच	स्त्री.	1. इधर-उधर की बात, बहानेबाजी; 2. तकरार, झगड़ा।	চেলু, ওজৰ; কাজিয়া	चेलु, ओजर; काजिया	lame excuses, dodge; altercation, squabble, knavish tricks.
तीमारदारी	स्त्री.	रोगी की सेवा- सुश्रूषा।	শুশ্ৰূষা, পৰিচৰ্য্যা	शुश्रूषा, परिचर्य्या	attending on or nursing (a patient.)
तीरंदाज	पुं.	तीर चलाने वाला।	তীৰন্দাজ, ধনুৰ্দ্ধৰ	तीरन्दाज, धनुर्द्धर	bowman, archer.
तीर	पुं.	1. नदी का किनारा, तट; 2. वाण।	তীৰ, কূল, পাৰ; শৰ, বাণ, কাঁড়	तीर, कूल, पार; शर, बाण, काँड़	shore, bank; arrow, shaft.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तीर्थ	पुं.	1. कोई ऐसा स्थान, विशेषतः जलाशय, नदी, समुद्र आदि के पास का स्थान जिसे लोग धार्मिक दृष्टि से पवित्र या मोक्षदायक समझते हों और श्रद्धापूर्वक दर्शन पूजन, स्नान आदि के लिए जाते हों, पुण्यक्षेत्र;	তীৰ্থস্থান, পুণ্যভূমি;	तीर्थस्थान, पूण्यभूमि;	place of pilgrimage, sacred spot;
		2. (ला.) कोई ऐसा स्थान जिसे लोग अन्य स्थानों से विशिष्ट महत्व का या कार्यसिद्धि में सहायक समझते हों।	প্ৰসিদ্ধ স্থান, ধাম, তীৰ্থ	प्रसिद्ध स्थान, धाम, तीर्थ	place of importance, holy place for the fulfilment of an object.
तीर्थयात्रा	स्त्री.	तीर्थस्थानों के दर्शन आदि के लिए की गई यात्रा, तीर्थाटन।	তীৰ্থযাত্ৰা	तीर्थजात्रा	pilgrimage.
तीली	स्त्री.	1. माचिस की सलाई;	গছৰ ডাল;	गछर डाल;	match stick.
		2. वनस्पति आदि का बड़ा तिनका, सींकी;	ধাতুৰ শলা, গজি;	धातुर शला, गजि;	skewer;
		3. धातु आदि का पतला कड़ा तार, सलाई।	জুইশলা	जुइशला	wooden or iron bar or wire (as of a bird-cage, etc), spoke.
तीव्र	वि.	1. बहुत अधिक, अत्यंत;	তীব্ৰ, অত্যন্তবেছি;	तीव्र, अत्यंतबेछि;	much, exceeding, excessive;
		2. तेज़, तीक्ष्ण;	চোকা, তীক্ষ্ণ;	चोका, तीक्ष्ण;	sharp, keen, acute;
		3. बहुत गरम;	বৰ গৰম;	बर गरम;	warm, hot, burning;
		4. कटु;	তিতা, কটু;	तिता कटु;	bitter, pungent;
		5. उग्र, प्रचंड, विकट;	উগ্ৰ, প্ৰচন্ড;	उग्र, प्रचन्ड;	strong, severe, violent, impetuous;
		6. द्रुत;	বেগী;	बेगी;	fast;
		7. कुछ ऊंचा (स्वर)	উদাত্ত	उदात्त	high-pitched.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तीव्रता	स्त्री.	तीव्र होने को अवस्था या भाव।	তীব্ৰতা	तीव्रता	violence, sharpness.
तीस	वि.	बीस और दस।	ত্ৰিশ	त्रिश	thirty.
	पुं.	उक्त की द्योतक संख्या 30	30 সংখ্যা	30 संख्या	(the number) thirty.
तीसरा	वि.	1. क्रम में तीन के स्थान पर पड़ने वाला;	তৃতীয়;	तृतीय;	third;
		2. जिसका प्रस्तुत विषय या दो पक्षों में से किसी एक से भी कोई संबंध न हो।	তৃতীয় পক্ষ, নিৰপেক্ষ	तृतीय पक्ष, निरपेक्ष	a third (person or party), an arbitrator.
तीसी	स्त्री.	1. अलसी नाम का पौधा और उसके बीज;	তিচি গছ আৰু গুটি;	तिचि गछ आरु गुटि;	linseed;
		2. वस्तुएं गिनने का एक नाम जिसका सैंकड़ा तीस पंचकों का अर्थात् 150 का होता है।	গোটাবস্তু; গণনাৰ এটা হিচাব	गोटाबस्तु गणनार एटा हिचाब	a measure of counting things prevalent in some parts of India with 30 groups of 5 each making a total of 150, but treated as equivalent to 100.
तुंग	वि.	बहुत ऊंचा, उन्नत।	বৰ ওখ, তুংগ	बर ओख, तुंग	high, elevated, lofty, tall.
तुंबा	पुं.	1. सुखाए हुए कड़ुए कद्दू को बीच में से काट कर बनाया हुआ कटोरे के आकार का पात्र;	লাওখোল; লাওখোলৰ পাত্ৰ;	लाओखोला, लाओखोलार पात्र;	hollowed gourd (in which mendicants carry water etc.);
		2. गोल कड़ुआ कद्दू या घीया।	কোমোৰা, লাও	कोमोरा, लाओ	the gourd, lagenaria Vulgaris.
तुंबी	स्त्री.	1. छोटी कड़ुई लौकी;	দীঘল পানীলাও;	दीघल पानीलाओ;	long white gourd, lagenaria vulgaris;
		2. इसका बना हुआ छोटा पात्र।	লাও খোলাৰ সৰু পাত্ৰ	लाओ खोलार सरु पात्र	small, hollow gourd used as a pot.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तुक	स्त्री.	1. किसी छंद के चरणों के अन्तिम अक्षरों का मेल, अंत्यानुप्रास;	অন্ত্যানুপ্ৰাশ;	अन्त्यानुप्राश;	rhyme;
		2. सामंजस्य;	সামঞ্জস্য;	सामंजस्य;	harmony, co-ordination;
		3. औचित्य।	ঔচিত্য, যুক্তি-যুক্ততা, অৰ্হতা	औचित्य, जुक्ति-जुक्तता, अर्हता	propriety, suitability.
तुकबंदी	स्त्री.	1. तुक मिलाने की क्रिया;	ছন্দ মিলোৱা, কাৰ্য্য;	छन्द मिलोवा, कार्य्य;	forming rhymes, making verses;
		2. साधारण पद्यरचना;	সাধাৰণ পদ্য ৰচনা;	साधारण पद्य रचना;	banal versification;
		3. भद्दी कविता।	বেয়া কবিতা	बेया कविता	shoddy poem, bad poetry.
तुकांत	वि.	जिस (कविता) के चरणों के अंत में तुक हो, तुकयुक्त, अंत्यानुप्रासयुक्त।	মিলিতান্ত, মিত্ৰাক্ষৰী	मिलितान्त, मित्राक्षरी	having terminal alliteration.
तुक्कड़	पुं.	केवल तुक जोडने वाला, साधारण पद्य रचने वाला।	সাধাৰণ পদ্য লিখক	साधारण पद्य लिखक	mere versifier, poetaster.
तुक्का	पुं.	1. बिना फल का वाण;	ভোটা কাঁড়;	भोटा काँड़;	arrow without a head;
		2. ऐसा प्रयत्न जिसकी सफलता संदिग्ध हो;	বিফল যত্ন;	बिफल जत्न;	unsure or failing means, a vain bid;
		3. अटकल पच्चू।	আগগুৰিহীন ধাৰণা	आगगुरिहीन धारणा	mere conjecture, random guess.
तुच्छ	वि.	1. महत्व, मान या मूल्य से रहित, क्षुद्र, हीन, नगण्य;	তুচ্ছ, হীন, নগণ্য;	तुच्छ, हीन, नगण्य;	petty, worthless, insignificant, contemptible;
		2. अल्प, थोड़ा;	অলপ, তাকৰ;	अलप, ताकर;	small, little, trivial;
		3. साररहित।	অসাৰ, শূন্য	असार, शून्य	empty, void, vain.
तुच्छता	स्त्री.	तुच्छ होने की अवस्था या भाव।	হীনতা, তুচ্ছতা	हीनता, तुच्छता	pettiness, worthlessness, despicableness, insignifcance.
तुझ	सर्व.	तू का वह रूप जो उसे कर्ता तथा संबंध कारक के अतिरिक्त अन्य कारकों में प्रयक्त होने के पहले प्राप्त होता है।	'তু' সৰ্ব্বনামৰ তিৰ্যক ৰূপ	'तू' सर्व्वनामर तिर्य्यक रूप	oblique form of 'तू'.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तुझे	सर्व	तू का कर्ण और संप्रदान कारक का रूप, तुझको।	তোমালৈ	तोमालै	to/for thee.
तुड़ाना	स.क्रि.	1. तोड़ने का काम कराना; तुड़वाना;	ভঙা;	भङा;	to cause to break;
		2. बंधन तोड़ना;	ভাং, ফাল;	भां, फाल;	to break, rend, tear;
		3. बड़े सिक्के या नोट को छोटे नोटों या सिक्कों मे परिवर्तित कराना, भुनाना।	(পইচা বা নোট) ভঙা	(पइचा बा नोट) भङा	to change(a coin or currency note into smaller ones).
तुतलाना	क्रि.	बोलने में शब्द का मुंह से रुक-रुक कर तथा अस्पष्ट रूप से निकलना।	ঠোটা লাগ	ठोटा लाग	to lisp, to stutter (in speaking).
तुनकमिजाज	वि.	बात-बात पर रुष्ट होने वाला, चिड़चिड़ा।	খিটখিটীয়া, খিংখিঙীয়া	खिट्खिटीया, खिंखिडीया	fretful, peevish, touchy, irritable.
तुम	सर्व.	'तू' का बहुवचन रूप जिसका व्यवहार संबोधित व्यक्ति के लिए होता है तथा जो वक्ता की तुलना में छोटा या बराबरी का होता है।	তুমি	तुमि	you (non-honorific)
तुमुल	वि.	बहुत उत्कट, तीव्र या घोर, प्रचंड।	তুমুল, ঘোৰ	तुमुल, घोर	tumultuous, noisy, fierce, raging.
तुम्हारा	सर्व.	'तुम' का संबंध कारक का रूप।	তোমাৰ	तोमार	the gen-masc. of the pron. तुम, of you, your, yours.
तुम्हीं	सर्व.	तुम के साथ ही के योग से बना हुआ रूप, तुमही ।	তুমিয়েই	तुमियेइ	you alone, you only.
तुरंग (तुरग)	पुं.	घोड़ा।	ঘোঁৰা	घोंरा	horse.
तुरंत	क्रिवि.	ठीक इसी समय, चटपट, तत्काल।	ততালিকে, তত্ক্ষণাত্	ततालिके, तत्क्षणात्	at once, quickly, forthwith, instantly, soon.
तुरत	वि.	दे. तुरंत।	তুৰন্তে, শীঘ্ৰে	तुरन्ते, शीघ्रे	at once, quickly, forthwith, instantly, soon.
तुरपन	स्त्री.	एक तरह की हाथ की सिलाई।	হাতৰ চিলাই	हातर चिलाइ	hand-stiching.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तुरपना	क्रि.	सूई धागे से बड़े-बड़े टांके लगाना या सीना।	লেঙা চিলাই মাৰ	लेङा चिलाइ मार	to stitch in a particular manner.
तुरही	स्त्री.	फूंककर बजाया जाने वाला एक पतले मुंह का बाजा।	পেঁপা, শিঙা	पेपाँ, शिङा	trumpet, clarion.
तुरुप (तुरप)	पुं.	ताश के खेलों में वह रंग जो प्रधान मान लिया जाता है तथा जिसका छोटे से छोटा पत्ता दूसरे रंग के बड़े से बड़े पत्ते को काट या मार सकता है।	তাচখেলৰ ৰঙৰ তাচ	ताचखेलर रङर ताच	trump.
तुरा	पुं.	1. जुल्फ;	কেঁকোৰা চুলিৰ কোছা;	केंकोरा चुलिर कोछा;	forelock;
		2. पक्षियों की शिखा, कलगी;	চৰাইৰ মূৰৰ জঁ;	चराइर मूरर जँ;	plume of feathers. crest, nosegay;
		3. पगड़ी, टोपी आदि में लगा हुआ पर, फूलों का गुच्छा आदि, कलगी;	পাগুৰিত লগোৱা ফুল বা তেনে বস্তু;	पागुरित लगोवा फुल बा तेने बस्तु;	an ornament worn in the turban, an ornamental tassel;
		4. विलक्षण विशेषता।	উত্কৃষ্ট, সাৰ	उतकृष्ट, सार	(fig.) the best or cream.
तुलनपत्र	पुं.	आय-व्यय का वह लेखा जिसमें किसी निश्चित अवधि तक का यह विवरण रहता है कि किन मदों में कितनी आय और कितना व्यय हुआ तथा अंत में देने या पावने के खाते में कितना धन शेष है।	তহবিল	तहबिल	balance sheet.
तुलना	स.क्रि.	1. तोला जाना, मापित होना;	ওজন হ, জোখা যা;	ओजन ह, जोखा जा;	to be weighed;
		2. तौल या माप में समान होना;	সমান হ;	समान ह;	to be balanced;
		3. सन्नद्ध, कटिबद्ध, उतारू होना।	সমকক্ষ হ	समकक्ष ह	to be drawn up in array (as one army against another).
	स्त्री.	न्यूनाधिक का विचार, तारतम्य, बराबरी।	তুলনা, ৰিজনি	तुलना, रिजनि	comparison.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तुलनात्मक	वि.	जिसमें दो या कई वस्तुओं, व्यक्तियों आदि की परस्पर की तुलना की गई हो अर्थात् समानता-असमानता, गुण-दोष आदि के तारतम्य का विवेचन किया गया हो, तुलनायुक्त।	তুলনাত্মক, আপেক্ষিক	तुलनात्मक, आपेक्षिक	comparative.
तुलनीय	वि.	तुलना किए जाने के योग्य, जिसकी या जिससे तुलना की जा सके।	তুলনীয়	तुलनीय	worthy of comparison, comparable.
तुलवाई	स्त्री.	तोलवाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	ওজন কৰা ভাৱ বা কাৰ্য্য বা ইয়াৰ মজুৰি	ओजन करा भाव वा कार्य्य वा इयार मजुरि	the act of weighing or the price paid for having (a thing) weighed.
तुलवाना (तुलाना)	स.क्रि.	किसी को कुछ तौलने में प्रवृत्त करना, तौलाना।	ওজন কৰা, জোখা	ओजन करा, जोखा	to have (a thing) weighed, etc.
तुलसी	स्त्री.	1. एक प्रसिद्ध पौधा, पत्ते या उसके बीज जो बहुत पवित्र माने गए हैं;	তুলসী;	तुलसी;	the shrub plant or seeds of holy basil, ocymum sanctum;
		2. गोस्वामी तुलसीदास (हिंदी के प्रसिद्ध कवि)।	তুলসীদাস	तुलसीदास	the renowned medieval Hindi poet Goswami Tulsi Dass.
तुला	स्त्री.	1. तराजू, कांटा;	তুলাচনী, পাল্লা;	तुलाचनी, पाल्ला;	balance or scale, pair of scales;
		2. ज्योतिष की बारह राशियों में से सातवीं राशि।	তুলা ৰাশি	तुला राशि	libra, the seventh sign of the Zodiac.
तुलाई	स्त्री.	तौलने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	ওজন কৰা ভাৱ বা কাৰ্য্য বা ইয়াৰ মজুৰি	ओजन करा भाव वा कार्य्य वा इयार मजुरि	the act of weighing or the price paid for having (a thing) weighed.
तुलादान	पुं.	अपने शरीर के भार के बराबर तौल कर दिया जाने वाला अन्न, द्रव्य आदि का दान।	নিজৰ সমান ওজনৰ বস্তু দান	निजर समान ओजनर बस्तु दान	the gift to a Brahman of as much gold, silver, etc. as equals the weight of the body.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तुल्य	वि.	1. समान, बराबर; 2. अनुरूप, सदृश।	তুল্য, সমান; অনুৰূপ, সদৃশ	तुल्य, समान; अनुरूप, सदृश	equal (to); resembling, similar, analogous (to).
तुषार	पुं.	हवा में मिली भाप जो जमकर श्वेतकणों के रूप में पृथ्वी पर गिरती है, हिम, पाला।	হিম, তুষাৰ	हिम, तुषार	frost, mist.
तुषारपात	पुं.	बरफ का गिरना, पाला पड़ना, हिमपात।	তুষাৰ পাত, হিম পাত	तुषार पात, हिम पात	snow fall, frost fall.
तुष्ट	वि.	1. तोषयुक्त, तृप्त; 2. प्रसन्न।	সন্তুষ্ট, তৃপ্ত; আনন্দিত, প্ৰসন্ন	सन्तुष्ट, तृप्त; आनन्दित, प्रसन्न	satisfied, contented; pleased, glad, etc.
तुष्टि	स्त्री.	1. तुष्ट होने की अवस्था। या भाव, तृप्ति; 2. प्रसन्नता।	তুষ্টি, সন্তোষ; প্ৰসন্নতা, আনন্দ	तुष्टि, सन्तोष; प्रसन्नता, आनन्द	satisfaction, gratification, contentment; pleasure, delight.
तुष्टिकरण		किसी को तुष्ट या प्रसन्न करने की क्रिया या भाव।	সন্তুষ্টিকৰণ	सन्तुष्टिकरण	appeasement, placation.
तुहिन	पुं.	1. तुषार, पाला; 2. बरफ।	তুষাৰ, হিম; বৰফ	तुषार, हिम; बरफ	mist, dew; frost.
तूंबा	पुं.	दे. 'तुंबा'	লাওখোলা, লাও	लाओखोला, लाओ	see 'तुंबा'.
तूंबी	स्त्री.	दे. 'तुंबी',	লাওখোলাৰ সৰু পাত্ৰ	लाओखोलार सरु पात्र	see तुंबी'.
तू	सर्व.	एक सर्वनाम जिसका प्रयोग मध्यम पुरुष एकवचन में ऐसे व्यक्ति के लिए होता है जो अपने से बहुत छोटा, तुच्छ या हीन हो, 'तुम' का एक वचन रूप।	তই	तइ	thou (used to imply depreciation or contempt, or by way of familiarity or endearment, or in addressing the deity to imply extreme reverence).
तूणीर	पुं.	बाण रखने का चोंगा, तरकश।	তূণ	तूण	quiver.
तूतिया	पुं.	गंधकाम्ल के योग से बना हुआ तांबे का सार, नीला थोथा।	তুতিয়া	तुतिया	blue vitriol, sulphate of copper.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तूती	स्त्री.	1. बांसुरी या शहनाई की तरह का एक प्रकार का पतला लंबा बाजा;	বাঁহীৰ দৰে এবিধ বাদ্য;	बाँहीर दरे एबिध बाद्य;	a kind of musical instrument resembling a lute or clarionet.
		2. एक छोटी चिड़िया जिसकी बोली बहुत मीठी होती है।	সুৰদী মাতৰ এটা সৰু চৰাই	सुवदि मातर एटा सरु चराइ	a small singing bird, loxia rosea;
तूफान	पुं.	1. आंधी, अंधड़, जिससे हवापानी आदि का भीषण उत्पात हो;	ধুমুহা, তুফান;	धुमुहा, तुफान;	storm, tempest, hurricane;
		2. भारी आपत्ति, कहर;	বিপদ, দুৰ্য্যোগ;	बिपद, दुर्ज्योग;	affliction, calamity;
		3. हंगामा, होहल्ला।	হুলস্থূল, হৈহাল্লা	हुलस्थूल, हैहाल्ला	commotion, noise, riot.
तूफानी	वि.	1. तूफान संबंधी, तूफान का;	ধুমুহা-সম্পৰ্কীয়;	धुमुहा-सम्पर्कीय;	of or relating to a storm or tempest, stormy, tempestuous;
		2.(ला.) ऊधमी, उपद्रवी ।	উগ্ৰ, ধ্বংসকাৰী	उग्र, ध्वंसकारी	(fig.) riotous, boisterous, violent.
तूल	पुं.	1. लाल रंग का सूती कपड़ा;	ৰঙা কাপোৰ;	रङा कापोर;	cotton cloth of red colour;
		2. गाढ़ा लाल रंग;	গাঢ় ৰঙা ৰং;	गाढ़ रङा रं;	dark red colour;
		3. लंबाई, विस्तार।	দীঘ	दीघ	length, prolixity.
तूलिका	स्त्री.	चित्र अंकित करने की कूंची।	চিত্ৰকৰৰ তুলি, তুলিকা	चित्रकरर तुलि, तुलिका	painters' brush.
तृण	पुं.	तिनका, घास।	ঘাঁহ, তৃণ	घाँह, तृण	grass, blade of grass, straw.
तृतीय	वि.	जो क्रमसंख्या, महत्व आदि के विचार से दूसरे के बाद हो, तीसरा।	তৃতীয়	तृतीय	the third.
तृप्त	वि.	संतुष्ट, अघाया हुआ।	তৃপ্ত, সন্তুষ্ট	तृप्त, सन्तुष्ट	satiated, satisfied, contented.
तृप्ति	स्त्री.	आवश्यकता या इच्छा की पूर्ति हो जाने पर होने वाली मानसिक शांति या मिलने वाला आनंद।	তৃপ্তি, সন্তোষ	तृप्ति, सन्तोष	satisfaction, satiety.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तृष्णा	स्त्री.	1. प्यास;	পিয়াহ, তৃষ্ণা;	पियाह, तृष्णा;	thirst;
		2. विशेष इच्छा या कामना।	আগ্ৰহ, হেপাহ	आग्रह, हेपाह	strong desire, eagerness, longing.
तेंतालीस (तितालीस)	वि.	चालीस और तीन।	তিয়াল্লিশ	तियाल्लिश	(the number) forty-three.
तेंतीस	वि.	तीस और तीन।	তেত্ৰিশ	तेत्रिश	(the number) thirty-three.
तेंदुआ	पुं.	चीते की जाति का एक हिंसक जंतु जो प्रायः पीलापन लिए भूरा सा होता है और उसकी देह पर काले-काले गोल धब्बे या चित्तियां होती हैं।	নাহৰফুটুকী	नाहरफुटुकी	leopard.
तेईस	वि.	बीस और तीन।	তেইশ	तेइश	(the number) twenty three.
तेग (तेगा)	स्त्री.	तलवार, खड्ग।	তৰোৱাল	तरोवाल	sword, scimitar,
तेज	पुं.	1. दीप्ति;	দীপ্তি, কান্তি;	दीप्ति, कान्ति;	splendour, glory, refulgence;
		2. प्रताप;	প্ৰতাপ, শক্তি, ক্ষমতা;	प्रताप, शक्ति, क्षमता;	awe, strength, power;
		3. पंचमहाभूतों में से अग्नि नामक महाभूत;	তেজ;	तेज;	fire;
		4. गरमी, ताप।	তাপ, উষ্ণতা	ताप, उष्णता	heat, ardour.
	वि.	1. तीक्ष्ण या पैनी धारवाला;	চোকা;	चोका;	sharp, acute;
		2. द्रुतगामी, वेगवान;	বেগী;	बेगी;	fast;
		3. प्रखर, प्रचंड, विकट;	প্ৰচন্ড,, প্ৰখৰ;	प्रचन्ड, प्रखर;	violent, fiery;
		4. तीखे स्वाद का;	জলা, চোকা;	जला, चोका;	pungent, acrid;
		5. फुर्तीला;	তত্তালিকে;	ततालिके;	swift, quick;
		6. तीक्षण बुद्धिवाला;	চোকা বুদ্ধিৰ	चोका बुद्धिर	smart, intelligent, quick-witted;
		7. शीघ्र प्रभाव उत्पन्न करने वाला;	গুণকাৰী দৱাই	गुणकारी दवाइ	effective, efficacious (as medicine);
		8. महंगा।	দামী, মহংগা	दामी, महंगा	dear, costly.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तेजपात (तेजपत्ता)	पुं.	दालचीनी की जाति का एक पेड़ तथा उसका पत्ता जो मसाले और दवा के काम आता है।	তেজপাত	तेजपात	leaf of the Laurus cassia.
तेजवान	वि.	1. तेज से युक्त, तेजस्वी	তেজস্বী, উজ্জ্বল;	तेजस्वी, उज्ज्वल;	luminous, refulgent, brilliant;
		2. प्रतापी।	প্ৰতাপী	प्रतापी	impressive, majestic, glorious.
तेजस्विता	स्त्री.	तेजस्वी होने की अवस्था, गुण या भाव।	তেজস্বিতা, প্ৰতাপ, কান্তি	तेजस्विता, प्रताप, कान्ति	brilliance, luminosity, glow, impressiveness, imposingness.
तेजस्वी	वि.	1. जिसमें यथेष्ट तेज हो, दीप्तिमान;	দীতিমান, তেজাল;	दीतिमान, तेजाल;	brilliant, splendid, bright;
		2. जिसके बल, बुद्धि, वैभव आदि का दूसरों पर यथेष्ट प्रभाव पड़ता हो, प्रभावशाली	প্ৰভাৱশালী, মহান;	प्रभावशाली, महान;	inspiring respect, dignified, noble;
		3. प्रतापी।	প্ৰতাপী, শক্তিশালী	प्रतापी, शक्तिशाली	powerful.
तेजाब	पुं.	एक तरह का रासायनिक खट्टा पदार्थ जो जल में घुलनशील होता है और दूसरी वस्तुओं को गला सकता है, अम्ल।	অম্ল, এচিদ	अम्ल, एचिद	acid.
तेजी	स्त्री.	तेज होने की अवस्था, गुण, क्रिया या भाव।	তেজ, ধাৰ, চোক, জাল	तेज, धार, चोक, जाल	sharpness, haste, quickness, pungency.
तेरस	स्त्री.	चंद्रमास के किसी पक्ष की तेरहवीं तिथि, त्रयोदशी।	ত্ৰয়োদশী তিথি	त्रयोदशी तिथि	the thirteenth day of the lunar fortnight.
तेरह	वि.	दस और तीन।	তেৰ	तेर	thirteen.
तेरही	स्त्री.	मरने की तिथि से तेरहवीं तिथि जिस दिन पिंडदान आदि करा कर मृतक के संबंधी शुद्ध होते हैं।	মৃত্যুৰ তেৰ দিনৰ দিনা হোৱা মৰণা-শৌচৰ শুদ্ধি	मृत्युर तेर दिनर दिना होवा मरणा-शौचर शुद्धि	the thirteenth day after death when the relatives of the deceased perform the rituals signifying the end of the postmortem rituals.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तेरा	सर्व.	'तू' का संबंध कारक रूप, मध्यम पुरुष एकवचन सबंध कारक का सूचक सर्वनाम।	তোমাৰ, তোৰ	तोमार, तोर	thy, thine.
तेल	पुं.	1. तिलहन के बीजों या कुछ विशिष्ट वनस्पतियों को पेरकर निकाला जाने वाला स्निग्ध तरल पदार्थ;	তেল;	तेल;	expressed oil (prepared from sesamum, mustard-seed etc);
		2. वरवधू को विवाह से पूर्व हल्दी मिला हुआ तेल लगाने की एक रीति;	বিয়াৰ নোৱনী;	बियार नोवनी;	ceremony of pre-marital anointment;
		3. पशुओं के शरीर से निकलने वाली पतली चर्बी;	চৰ্ব্বী, তেল;	चर्व्वी, तेल;	fat, tallow;
		4. कुछ विशिष्ट प्रकार के खनिज द्रव्य पदार्थ जो सहज में जल सकते हैं।	খনিজ তেল, পেট্ৰল	खनिज तेल, पेट्रल	petrol.
तेलिन	स्त्री.	तेली की या तेली जाति की स्त्री।	তেলীজাতৰ স্ত্ৰী, তেলপেৰা স্ত্ৰী তেলীৰ ঘৈনী	तेलीजातर स्त्री, तेलपेरा स्त्री, तेलीर घैनी	a woman of the teli caste or a woman who prepares oil, the wife of **teli.**
तेलिया	वि.	1. तेल की तरह चिकना और चमकीला;	তেলীয়া;	तेलीया;	oily, unctuous;
		2. तेल की तरह हलके काले रंग वाला।	তেলবৰণীয়া	तेलबरणीया	dark, deep (colour).
तेली	पुं.	तेल पेरने और बेचने का पेशा करने वाली एक जाति।	তেলী	तेली	oilman, a caste whose business is to make or to sell oil.
तेवर	पुं.	1. किसी विशिष्ट उद्देश्य या भाव से किसी की ओर या किसी पर डाली जाने वाली दृशिष्ट, त्यौरी;	ঘোপাদৃষ্টি, ঘোপাচকু;	घोपादृष्टि, घोपाचकु;	angry look, frown;
		2. भौंह, भृकुटी।	চকুৰ ভ্ৰূ	चकुर भ्रू	eyebrow.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तेहरा (तिहरा)	वि.	1. तीन परत किया हुआ, तीन तहों का;	তিনিতৰগীয়া, তিনিগুণীয়া;	तिनितरपीया, तिनिगुणीया;	threefold;
		2. जो एक साथ तीन हों, जिसकी तीन प्रतियां एक साथ हों।	তিনিপতীয়া	तिनिपतीया	triplicate etc.
तैनात	वि.	किसी काम के लिए नियत या नियुक्त किया हुआ, मुकर्रर।	নিযুক্ত, প্ৰযুক্ত	निजुक्त, प्रजुक्त	appointed, posted.
तैनाती	स्त्री.	तैनात करने की क्रिया, अवस्था या भाव, मुकर्ररी।	নিযুক্তি, মকৰল	निजुक्ति, मकरल	appointment, posting, deployment.
तैयार	वि.	1. कुछ करने के लिए हर तरह से उद्यत, तत्पर, कटिबद्ध;	সাজু, তৈয়াৰ;	साजु, तैयार;	willing, prepared;
		2. जो पक कर खाने योग्य हो गया हो;	পকা;	पका;	ready to eat;
		3. जो बन कर बिलकुल ठीक और हर प्रकार से दुरुस्त हो गया हो;	সম্পূৰ্ণ, পূৰ্ণ, শেষ;	सम्पूर्ण, पूर्ण, शेष;	finished, completed;
		4. उपस्थित, प्रस्तुत मौजूद;	উপস্থিত, প্ৰস্তুত;	उपस्थित, प्रस्तुत;	present;
